तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 4 मई 2026

12 20 रुपए के समोसा-कचौरी अब 30 रुपए में ...



13 विनायकपुर में तांदुला जलाशय से सिर्फ एक तालाब...





### जिले में परीक्षा परिणाम गिरावट की समीक्षा लेकिन व्यवहारिक कारणों पर भी देना होगा ध्यान

# ओवर आल रिजल्ट में पिछड़ा जिला, 12वीं में 65% से कम 13 और 10वीं में 60% से कम 59 स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले में बारहवी और दसवीं बोर्ड का रिजल्ट पिछले साल से कम रहा। यहां के छह विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में जगह बनाकर जिले की शिक्षा का मान बढ़ाया है लेकिन ओवर ऑल रिजल्ट में गिरावट आई है। बारहवीं में 5.05 और दसवीं में 8.41 प्रतिशत रिजल्ट गिरा है। जिले में बारहवीं में इस बार 65 प्रतिशत से कम परिणाम लाने वाले 13 स्कूल हैं और दसवीं में 65 प्रतिशत से कम रिजल्ट वाले 59 स्कूल हैं। खास बात यह है कि प्रदेश स्तर पर दुर्ग जिला दसवीं में 31 वें और बारहवीं में 29 वें स्थान पर है। जो बेहद चिंता का विषय है। एजुकेशन हब के रूप में ख्याति को बनाए रखने के लिए नए शैक्षणिक सत्र में शुरूआत से ही रोडमैप पर काम करने की जरूरत पड़ेगी।

## बोर्ड परीक्षा के परिणाम को लेकर डीईओ ने बुलाई विशेष बैठक

### रिजल्ट कमजोर होने की यह वजह बताई प्राचार्यों ने

1- एसआईआर में शिक्षकों की ड्यूटी
2- शिक्षण सत्र के बीच में व्याख्याताओं की पदोन्नति प्राचार्य पद पर होना
3- पांच वर्षों के प्रश्न पत्रों की तैयारी शिक्षकों ने ठीक से नहीं करवाई
4- विद्यार्थियों की स्कूलों में लंबी अनुपस्थिति
5- शिक्षकों के समय पर स्कूल नहीं पहुंचना



### आज शिक्षा मंत्री करेंगे समीक्षा

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का दुर्ग गृह जिला है। उसके बावजूद दसवी-बारहवीं का रिजल्ट खराब आया है। प्रदेश स्तर पर दुर्ग जिले का रिजल्ट कमजोर आने पर शिक्षा मंत्री बेहद खफा हैं। 5 मई सोमवार को वे स्वयं की रिजल्ट की समीक्षा करेंगे।

### इन कारणों पर भी चिंतन करने की है जरूरत

1- दुर्ग जिले के अधिकांश शिक्षक अपने लंबी दूरी तय कर स्कूल पहुंचते हैं और निर्धारित समय से पहले ही घर लौटने के की जल्दी में निकल जाते हैं। शासन का निर्देश है कि मुख्यालय से 8 किलोमीटर की दूरी पर निवास करें लेकिन इसका पालन नहीं होता।

2- महिला शिक्षिकाओं को शासन 120 दिन मातृत्व अवकाश और 730 दिन सीसीएल देती है। दुर्ग जिले में 70 प्रतिशत महिला शिक्षिकाएं हैं। जिन्हे इस सुविधा देने की वजह से लंबी छुट्टी में शिक्षिकाएं रहती हैं और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर असार पड़ता है।

3- पदोन्नति शैक्षणिक सत्र के बीच में शासन कर देती है। दुर्ग जिले के 191 व्याख्याताओं को प्राचार्य पद पर पदोन्नति दी गई है। जो शैक्षणिक सत्र के बीच में दी गई। जिले में पद नही होने की वजह से उन्हे दीगर जिलों में जाना पड़ा।

4- जिले में हर साल कलेक्टर द्वारा रोड मैप तैयार किया जाता है। इसके हिसाब से शिक्षक काम ही नहीं करते। इस साल यह हाल था कि जब डीईओ स्कूलों में औचक निरीक्षण किया तो करीब 200 शिक्षक गैरहाजिर मिले। कई शिक्षक-शिक्षिकाएं बिना आवेदन ही कई दिनों तक गैरहाजिर मिले।

### दसवीं में इन स्कूलों का प्रदर्शन बेहद खराब

स्वामी आत्मानंद स्कूल तितुरडीह- 25 प्रतिशत
शासकीय हाई स्कूल मर्रा पाटन- 27.14 प्रतिशत
शासकीय हाई स्कूल कैंप दो- 28.81 प्रतिशत
शासकीय हाई स्कूल गिरहोला धमधा- 29.23 प्रतिशत
शासकीय हाई स्कूल कृष्णा नगर भिलाई- 29.41 प्रतिशत
शासकीय उच्चतर माध्य. शाला धमधा- 30.61 प्रतिशत
शास गर्ल्स उच्च. माध्य. शाला तकियापारा दुर्ग- 30.77 प्रतिशत
शास. उच्च माध्य. शाला रामनगर मुक्तिधाम- 31.71 प्रतिशत
शास. उच्च माध्य. शाला भरर - 32.08 प्रतिशत
शास. उच्च माध्य. शाला चिखली- 32.61 प्रतिशत
शास. उच्च माध्य. शाला बरहापुर- 34.15 प्रतिशत

### बारहवीं में इन पांच स्कूलों का प्रदर्शन रहा सबसे कमजोर

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल निकुम- 54.29%
शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल देवरी- 55%
शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल कन्हारपुरी- 56.25 %
स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बोरसी दुर्ग- 59.46%
स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल देवादा पाटन- 59.68%

### बारहवीं में 100 प्रतिशत लाने वाले आठ स्कूल

बारहवीं में 100 प्रतिशत रिजल्ट देने वाले स्कूल हैं। इनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टेमरी, सांकरा, औंधी, स्वामी आत्मानंद स्कूल कुम्हारी, स्वामी आत्मानंद स्कूल पाउवारा, स्वामी आत्मानंद स्कूल फरीदनगर, स्वामी आत्मानंद स्कूल घुघवा, स्वामी आत्मानंद स्कूल जामगांव एम।

### दसवीं में 100 प्रतिशत अंक लाने वाले 10 स्कूल

दसवीं में 100 प्रतिशत अंक लाने वाले 10 स्कूल हैं। इनमें स्वामी आत्मानंद स्कूल जंजगिरी, अहिवारा, तमेर पारा धमधा, शासकीय हायर सेंकडरी स्कूल घोटा, बेलौदी, अंजोरा ढ़ाबा, शासकीय नवीन खुड़मुड़ी, सांकरा, औंधी, मोरिद।

### प्राचार्य से वन-टू-वन हुए डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूल के प्राचार्यों को तलब किया और वन-टू-वन हुए। परिणाम में गिरावट आने के कारण पूछे , चिंता जताई और समाधान पूछा। प्राचार्यों द्वारा परिणाम में आई गिरावट के कारण बताए गए जिससे डीईओ संतुष्ट नहीं हुए। डीईओ द्वारा हरेक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।आने वाले सत्र में इन सभी कमियों को दूर करते हुए परिणाम को किस तरह से बेहतर बनाया जाए इस संबंध में निर्देश दिए गए।

### इन निर्देशों का नहीं किया पालन

डीईओ ने निर्देश दिए थे कि बोर्ड के 5 वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल कराना व कड़ाई से मूल्यांकन करके पाई जाने वाली कमियों को दूर करें, लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। डीईओ ने इस बात पर भी नाराजगी जताई। डीईओ ने कहा कि सभी विद्यालयों में गणित, विज्ञान के शिक्षक होने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं आए। कुल 65 प्राचार्य ने बैठक में हिस्सा लिया। इसमें नोडल अधिकारी पुष्प पुरुषोत्तमन, डीएमसी विनोद सिन्हा, सहायक संचालक समृद्धि जोशी, बीईओ विनोद शुक्ला व अन्य लोग शामिल थे।

### कार्रवाई करेंगे

रिजल्ट को लेकर समीक्षा की जा रही है। जिन स्कूलों का रिजल्ट बेहद खराब आया है वहां के प्रार्चायों को नोटिस जारी कर रहे हैं। जबाव के बाद कार्रवाई तय की जाएगी।
-अरविंद कुमार मिश्रा, डीईओ, दुर्ग

# दो गांजा तस्कर पुलिस की पकड़ में, की गई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

गांजा तस्करी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर इंदिरा नगर पाटन एवं ग्राम खोपली मचांदुर में घेराबंदी कर इंदिरा नगर पाटन निवासी जितेश यादव उर्फ जीतू, ग्राम खोपली मचांदुर, चन्द्रहास देशलहरे उर्फ चिंटू को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से पुलिस ने नगदी रकम और मोबाइल जब्त किया गया। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील किया है कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सहयोग करें। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना मिलने पर पुलिस को दें।




# स्कूल से 70 हजार का सामान पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्कूल का ताला तोड़कर सामान पार करने का मामला सामने आया है। घटना रानीतराई थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला केसरा की प्राचार्य प्लाट नंबर 626/7 अवधपुरी रिसाली निवासी प्रतिमा मौर्य ने शिकायत किया है कि शाला परिसर भीतर घुसकर ताला तोडकर अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गया है। जिसमें दो होम थिएटर, 15 नग हेड फोन, एक मानिटर, 4 की बोर्ड , बैटरी 7 नग, दवाई छिडकने वाले मशीन की बैटरी शामिल है।



घटना की जानकारी स्कूल के सफाई कर्मी टिकेश्वर सिन्हा ने दी। स्कूल पहुंचने पर पीड़िता ने देखा तो तीन रूम के भी ताले टूटे पड़े है। चोरी हुए सामानों की कीमत 70 हजार रुपए आंकी गई है। लगातार स्कूलों में हो रही चोरियों को देखते हुए पुलिस ने मुखबिरों को अलर्ट किया है। यह पता लगाया जा रहा है कि यह काम किसी विशेष गिरोह का है या फिर अलग-अलग चोरी करने वाले आरोपियों का।


# ट्रक की टक्कर से एक छात्रा की मौत, दो की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- जामुल थाना क्षेत्र की घटना
- चालक पुलिस गिरफ्त में

तेज रफ्तार ट्रक चालक ने जुपिटर सवार तीन स्कूली छात्रा को चपेट में लिया। घटना में छात्राएं घायल हो गई है। उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाया गया, जहां एक छात्रा की मौत हो गई है।

जामुल पुलिस ने बताया कि घासीदास नगर के पास ट्रक चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जुपिटर सवार प्रीति, लक्ष्मी, हिमानी को पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में प्रीति कुमारी की मौत हो गई है। वही लक्ष्मी और हिमानी घायल है। चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है। तीनों छात्राएं नालंदा स्कूल में पढ़ाई करती है। जामुल के पास जूस दुकान में रुक कर तीनों जूस भी पिया था। उसके बाद अपनी सहेली हिमानी को छोड़ने के लिए



जामुल की ओर जा रहे थे। तभी हादसा होना बताया गया है। घटना की खबर लगते ही आसपास के लोगों को भीड़ लग गई थई। ट्रक चालक ठोकर मारकर फरार हो गया था। उसे दो किमी तक पीछे कर पकड़ा गया है। हादसे की जानकारी लगने के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

लोगों का कहना है कि वाहनों की रफ्तार के कारण रोज हादसे हो रहें हैं। सड़क दुर्घटनाओं में लगातार जाने जा रहीं हैं। इस पर रोक लगाने वाहनों पर कार्रवाई हो।

### जांच जारी: सीएसपी

पुलिस के अनुसार शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया है। बताया गया है कि वाहन को लक्ष्मी चला रही थी, पीछे प्रीति बैठी थी। सीएसपी प्रशांत पैकरा ने बताया कि घटना में एक युवती की मौत हो गई है। चालक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। फिलहाल जांच किया जा रहा है।

### देरी से पहुंचने वाले सैकड़ों अभ्यर्थी नहीं हो पाए शामिल

# नीट यूजी के 21 केंद्रों में 7322 ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रविवार को नीट यूजी-2026 परीक्षा आयोजित की गई। ट्विनसिटी के 21 परीक्षा केंद्रों पर करीब 7500 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने वाले थे लेकिन देरी से पहुंचने की वजह से सैकड़ों अभ्यर्थी प्रवेश नहीं पा सके और उन्हे मायूस लौटना पड़ा। इस बार 7322 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। 178 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। खास बात यह है कि व्यापमं ने पेपर लीक जैसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाने डिजिटल लॉक और जीपीएस आधारित सुरक्षा प्रणाली लागू की गई। प्रश्नपत्रों को खास पेटियों में सुरक्षित रखा गया था जिनमें जीपीएस लॉक लगा रहा। ये लॉक एनटीए मुख्यालय दिल्ली से ऑनलाइन नियंत्रित हुआ। उसे निर्धारत समय पर खोलकर कक्षों में भेजा गया।



### दोपहर 2 बजे परीक्षा और प्रवेश सुबह 11 बजे

नीट की परीक्षा देने के लिए केंद्रों में सुबह 10 बजे से ही अभ्यर्थी पहुंचने लगे। यहां सुबह 11 बजे से अभ्यर्थियों की आईडी जांच कर प्रवेश दिया गया। दोपहर 1.30 बजे के बाद आने वालों को प्रवेश नहीं दिया गया। अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन भी हुआ। परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक चली। पालक अपने बच्चों को लेकर केंद्र तक आए थे इसलिए उन्हे भीषण गर्मी होने की वजह से बाहर इंतजार करना पड़ा।

### केंद्रों में सघन मानिटिरंग व कड़ी सुरक्षा

परीक्षा केंद्रों के बाहर ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था दिखी। जिला नोडल अधिकारी एसडीएम उत्तम ध्रुव के अनुसार हर परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरे और एआई आधारित निगरानी प्रणाली सक्रिय रही। हर 3 से 4 केंद्रों पर तहसीलदार या नायब तहसीलदार को नोडल बनाया। वहीं प्रत्येक केंद्र पर थाने के टीआई और एसआई पुलिस की ओर से नोडल की भूमिका में रहे। इसके अलावा तीन जवान सुरक्षा के लिए तैनात किए गए। मोबाइल, ब्लूटूथ और स्मार्ट वॉच जैसे उपकरणों को रोकने के लिए जैमर लगाए गए ।



## खबर संक्षेप



### बेटियों को अवश्य लगवाएं एचपीवी वैक्सीन : महापौर

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्रांतर्गत महापौर अलका बाघमार जनप्रतिनिधियों के साथ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, धमधा नाका में आयोजित एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम में पहुँचीं। इस दौरान उन्होंने उपस्थित नागरिकों से संवाद कर टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य देव नारायण, रंजीता पाटिल, विद्यावती सिंह, सावित्री दमाहे, सुरूचि उमरे, अरुण सिंह,युवराज कुंजाम,ललिता ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। महापौर ने बताया कि एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है। 14-15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को इस गंभीर बीमारी से बचाव हेतु दुर्ग शहर के सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है।

उन्होंने सभी पालकों से कहा कि वे अपनी बेटियों को समय पर एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं, जिससे उन्हें भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखा जा सके। महापौर ने समस्त वार्ड जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे अपने-अपने वार्डों में अधिक से अधिक लोगों को एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें।

### मिनीमाता चौक पुलगांव से जेल तिराहा तक हटाए कब्जे

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर के महत्वपूर्ण मार्ग मिनीमाता चौक पुलगांव से जेल तिराहा चौक तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण एवं पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य को लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। निगम की सख्ती और लगातार निरीक्षण का असर अब जमीनी स्तर पर साफ दिखाई दे रहा है। पोटिया चौक क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमणकर्ताओं ने प्रशासनिक कार्रवाई से पहले ही स्वयं आगे आकर अपने कब्जे हटाना शुरू कर दिया है, जिससे मार्ग चौड़ीकरण का रास्ता साफ हो गया है।

# तीन महीने में 2980 परिवारों के आशियाने का सपना हुआ साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले तीन महीनों में 2980 परिवारों के आशियाने का सपना साकार हुआ। जानकारी के मुताबिक फरवरी माह से अब तक निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा आवासों का निर्माण किया गया है। माह फरवरी में 831 के विरुद्ध 852 आवास, माह मार्च में 1058 के विरुद्ध 1062 आवास एवं माह अप्रैल में 1062 के विरुद्ध 1066 आवासों को पूर्ण कर लगातार 3 माह के लक्ष्य को पूर्ण करने की विशेष उपलब्धि हासिल की है। इसके पूर्व भी बेहतर क्रियान्वयन के कारण दुर्ग जिला पूरे प्रदेश में माह मई 2025 से मार्च 2026 तक प्रथम स्थान पर था। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में आवासों का निर्माण किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत कुल 15167 आवासों में से 12379 आवासों का निर्माण पूरा किया गया है। इस प्रकार निर्धारित लक्ष्य से 81.6 % आवासों का काम पूरा किया गया है। स्वीकृत 15167 आवासों में 1466 आवास महिला मुखिया के नाम एवं 12991 आवास संयुक्त (महिला एवं पुरुष) के नाम से स्वीकृत किया गया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा आवासों का निर्माण

### समय पर किस्त मिलने से काम समय पर हुआ पूरा

जानकारी के मुताबिक हितग्राहियों को आवास के विभिन्न चरणों में प्रगति के आधार पर किस्त की राशि सीधे उसके खाते में प्रदाय की गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 हितग्राहियों को प्रथम किस्त की राशि 6020 लाख , द्वितीय किस्त की राशि 7623 लाख एवं तृतीय किस्त की राशि 2476.75 लाख रू आज तक प्रदाय की जा चुकी है। योजनांतर्गत मनरेगा के माध्यम से 90 दिवस की मजदूरी दिए जाने का प्रावधान है। जिले में अब तक 12379 आवास पूर्ण किए जा चुके है।



### नियमित रूप से कार्यों का किया जा रहा निरीक्षण

ग्राम पंचायत स्तर पर मॉनिटरिंग हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई। जिनके द्वारा ग्राम सचिवों एवं रोजगार सहायकों के साथ संयुक्त भ्रमण कर समय समय पर प्रगति सुनिश्चित की गई। ग्राम पंचायत स्तर पर अधिकारियों की मॉनिटरिंग हेतु जिला स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई। जिनके द्वारा प्रतिदिन फील्ड स्तर के वास्तविक प्रगति की मॉनिटरिंग की जाती है। ग्राम पंचायत स्तर पर आ रही समस्या जैसे सेंट्रिंग की समस्या को संबंधित क्लस्टर के एसएचजी समूह की महिलाओं से समन्वय कर, मटेरियल की समस्या हेतु नोडल अधिकारियों द्वारा ट्रेडर्स से समन्वय कर यथासंभव निराकरण कराया गया।

## सिलेंडर के बढ़े दाम : कमर्शियल सिलेंडर में 913 रुपए हुआ महंगा

# 20 रुपए के समोसा-कचौरी अब 30 रुपए में बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेसी सड़क पर

### दुकानदारों ने बढ़ाई कीमतें, आम लोगों की जेब पर सीधा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कमर्शियल सिलेंडर 913 रुपए की बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ शहर और ग्रामीण जिला कांग्रेस ने रविवार को दुर्ग में जोरदार प्रदर्शन किया। अध्यक्ष राकेश ठाकुर, धीरज बाकलीवाल, मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में तीनों जिला कांग्रेस के कार्यकर्ता चंडी मंदिर चौक में इकट्ठा हुए। वहां बैनर पोस्टर लेकर सिलेंडर के दामों की वृद्धि के खिलाफ केंद्र की सरकार और प्रधानमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उसके बाद नारेबाजी करते हुए चंडी मंदिर से पांच कंडिल चौक होते हुए जैन मंदिर होते हुए वापस चंडी मंदिर चौक पहुंचे। गैस के दाम कम करने की मांग को लेकर केंद्र सरकार के ऊपर जमकर भड़के कांग्रेसी नारेबाजी करते रहे।

जिला कांग्रेस दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा नरेंद्र मोदी सरकार ने कमर्शियल गैस के दाम बढ़ाकर आम आदमी पर रोज बढ़ा दिया है। गैस के कारण मजदूर फैक्ट्री में काम करने छोड़कर पलायन कर रहे हैं आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ा दिया है। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा लगातार केंद्र की मोदी सरकार आम आदमी का जीना दूभर कर रही है। कमर्शियल गैस के दाम पिछले 3 महीने में 1300 बढ़ा दिए गए। इसका सीधा भार आम जनता को पद रहा है। कई होटल बंद हो गए। होटलों में खाना-नाश्ते के दाम डेढ़ गुना तक बढ़ गए हैं।





### लगातार बढ़ रही महंगाई से जनता त्रस्त, निरंकुश शासन को नहीं चिंता, कांग्रेस करेगी लगातार प्रदर्शन

भिलाई जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार की आम जनता के प्रति कोई संवेदना कोई सहानुभूति नहीं लगातार महंगाई से देश की जनता त्रस्त हो गई है आज देश का 80% जनता कर्ज में डूबी हुई है। उसके बाद खाने-पीने की वस्तु और गैस के बढ़ते दामों ने आम जनता की कमर ही तोड़ दी जब तक केंद्र की भाजपा सरकार गैस के दाम कम नहीं करेगी कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ती रहेगी। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से दीपक दुबे, देवेंद्र देशमुख हृदय यादव अल्ताफ अहमद, राजेश यादव,संजय कोहले, प्रवक्ता नासिर खोखर सुशील भारद्वाज, लिखन साहू, अजय मिश्रा, गुरदीप भाटिया आनंद ताम्रकार, मुकेश साहू, देव सिन्हा, दीपक जैन, संजू धनकर, राहुल शर्मा, कन्या ढीमर सहित अन्य मौजूद थे।

### कमर्शियल सिलेंडर 3300 रुपए पहुंचा

भिलाई। दुर्ग जिले में रसोई गैस की बढ़ती कीमतों का असर



अब सीधे लोगों की थाली तक पहुंच गया है। खासकर कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में तेज बढ़ोतरी के बाद शहर में नाश्ते के लोकप्रिय आइटम समोसा और कचौरी भी महंगे हो गए हैं। भिलाई शहर में जहां पहले समोसा और कचौरी 20 रुपए प्लेट मिलते थे, वहीं अब इनकी कीमत बढ़कर 30 रुपए प्लेट हो गई है। एक प्लेट में दो पीस दिए जा रहे हैं, लेकिन कीमत में 50 फीसदी तक की बढ़ोतरी ने आम ग्राहकों को चौंका दिया है। सुपेला चौक स्थित पूजा नाश्ता सेंटर और रामनगर स्थित छोटू स्वीट्स समेत कई दुकानों में नई दरें लागू कर दी गई हैं। दुकानदारों का कहना है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर अब करीब 3300 रुपए में मिल रहा है, जबकि पहले यह काफी सस्ता था। इसके साथ ही सिलेंडर की किल्लत भी बनी हुई है, जिससे लागत और बढ़ गई है। दुकानदारों के अनुसार सिर्फ गैस ही नहीं बल्कि तेल, आटा और अन्य कच्चे माल की कीमतों में भी लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसे में पुराने दामों पर सामान बेचना संभव नहीं रह गया था, इसलिए मजबूरी में रेट बढ़ाने पड़े। वहीं ग्राहकों का कहना है कि रोजमर्रा के नाश्ते पर इस तरह की बढ़ोतरी सीधे जेब पर असर डाल रही है। मजदूर वर्ग और आम लोग, जो पहले 20 रुपए में पेट भर लेते थे, अब उन्हें ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। कुल मिलाकर, गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी का असर अब साफ तौर पर बाजार में दिखाई दे रहा है, और इसका बोझ आखिरकार आम आदमी को ही उठाना पड़ रहा है।

# भिलाई-चरोदा निगम का सुशासन तिहार शुरू, वार्डवार कैंप लगाकर सुनी जाएंगी लोगों की शिकायतें




हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा ने शासन के निर्देश पर सुशासन तिहार 2026 के तहत जनसमस्या निवारण शिविरों की शुरुआत कर दी है। यह अभियान 10 जून तक चलेगा, जिसमें रोज सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक अलग-अलग वार्डों में शिविर लगाए जाएंगे। हर शिविर में नोडल अधिकारी, प्रभारी और सहयोगी कर्मचारियों की तैनाती की गई है, ताकि लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा सके।

■ अधिकारियों की जिम्मेदारी तय, 10 जून तक लगेगा जनसमस्या निवारण शिविर

पहला शिविर 5 मई को वार्ड 1 से 6 के लिए उमदा सामुदायिक भवन में आयोजित होगा। इसके बाद 11 मई को वार्ड 7 से 17, 20 मई को वार्ड 18 से 29 और 28 मई को वार्ड 30 से 40 तक के लिए अलग-अलग स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में पानी, सफाई, बिजली, निर्माण, राजस्व सहित अन्य नागरिक समस्याओं से जुड़े आवेदन लिए जाएंगे। साथ ही मौके पर ही पंजीयन, दस्तावेज़ जांच और आवश्यक कार्रवाई की व्यवस्था भी की गई है।

निगम आयुक्त डीएस राजपूत ने बताया कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। शिविर स्थल पर कंप्यूटर, प्रिंटर, पंजीयन सामग्री और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी, ताकि शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा सके। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शिविर में प्राप्त आवेदनों को पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए और तय समय में उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# युवा सेफ्टी सुपरवाइजर्स ने जाना स्वयं व दूसरों को बचाने का तरीका



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी के रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए एसआरयू इकाई के अंतर्गत कार्यरत संविदा सेफ्टी सुपरवाइजर्स के लिए तीन दिवसीय सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा आधारित सत्रों के साथ-साथ व्यावहारिक स्थल प्रशिक्षण भी सम्मिलित रहा।

■ रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग का आयोजन

प्रेरणा नामक यह पहल युवा सेफ्टी सुपरवाइजर्स के पेशेवर जीवन की एक सशक्त शुरुआत का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य केवल अनुपालन तक सीमित न रहकर नवप्रवेशी प्रतिभागियों और औद्योगिक अपेक्षाओं के मध्य कौशल अंतर को कम करना है। कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को विभिन्न महत्वपूर्ण सुरक्षा क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया गया, जिससे वे स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ अन्य कर्मियों का मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण भी प्रभावी रूप से कर सकें। प्रशिक्षण के प्रथम बैच में कुल 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 7 प्रतिभागी पूर्व औद्योगिक अनुभव के साथ आए, जबकि शेष नवप्रवेशी थे। रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग, एसआरयू और भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संयुक्त रूप से व्यापक सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। महाप्रबंधक आरईडी आर गोपालकृष्णन ने कार्यस्थल अनुभवों के दस्तावेजीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उप महाप्रबंधक आरईडी इंद्रदीप चटर्जी ने हाजर्ड आइडेंटिफिकेशन एंड रिस्क असेसमेंट हीरा तथा मानक संचालन प्रक्रियाओं एसओपीस की भूमिका को विस्तार से समझाया। वहीं सहायक महाप्रबंधक आरईडी अनिल पाढ़ी द्वारा सुरक्षा मानकों पर सत्र लिया गया, जबकि उप महाप्रबंधक आरईडी जितेंद्र शर्मा ने संविदा दायित्वों और ठेका सुरक्षा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। सहायक महाप्रबंधक मोहम्मद साबिर ने सेफ्टी टॉक और टूलबॉक्स टॉक के अंतर तथा असुरक्षित कृत्यों व परिस्थितियों की पहचान पर प्रकाश डाला। संतोष कुमार सिन्हा ने सुरक्षा दस्तावेजीकरण, फोर्कलिफ्ट एवं भारी वाहनों की सुरक्षा तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर मार्गदर्शन प्रदान किया। जेआर मारकंडे ने विद्युत सुरक्षा मानकों पर जानकारी दी, वहीं पुष्पेंद्र सिंह ने फैक्ट्री अधिनियम व संबंधित विधिक प्रावधानों पर विस्तृत सत्र लिया। स्थल पर व्यवहारिक प्रशिक्षण व अनुप्रयोग को सुदृढ़ करने उप प्रबंधक सौरभ यादव, हर्षवर्धन सिंह और शुभम कार्तिकेयन का योगदान रहा।

# गृह त्याग करने वाला प्रत्येक व्यक्ति बुद्ध नहीं बन सकता, समर्पण भाव जरूरी



**भिलाई।** चन्द्रमणि बुद्ध विहार परिसर कैम्प-1 भिलाई में चन्द्रमणि जनकल्याण विकास समिति द्वारा तथागत भगवान गौतम बुद्ध की 2570वीं जयंती समारोह का आयोजन अनिल मेश्राम प्रदेश अध्यक्ष दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के मुख्य आतिथ्य में तथा समिति की अध्यक्ष अनिता मेश्राम की अध्यक्षता में हुआ।

समारोह के प्रारंभ में तथागत भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा व तैलचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर त्रिशरण पंचशील का सामूहिक पठन किया गया। अनिल मेश्राम ने कहा कि गौतम सिद्धार्थ ने गृह त्याग कर दुख निवारण के उपाय, चार आर्य सत्य, आर्य आष्टांगिक मार्ग सहित जीवन जीने के लिए मध्यम मार्ग की खोज की। ऐसे महान कार्य प्रत्येक गृह त्याग करने वाला उपासक नही कर सकता। जब तप साधना के दौरान गौतम सिद्धार्थ का शरीर अत्यंत कमजोर व निरीह हो गया था तब सुजाता की खीर से गौतम सिद्धार्थ के प्राणों में संचार हुआ और उसके कुछ समय बाद ही गौतम सिद्धार्थ को बुद्धत्व की प्राप्ति हुई थी। इसलिए बुद्धिज्म में खीर वितरण का एक विशेष महत्व होता है। कोषाध्यक्ष गौतम खोब्रागड़े ने कहा कि वैशाख पूर्णिमा के दिन गौतम सिद्धार्थ को बुद्धत्व ज्ञान की प्राप्ति हुई और वैशाख पूर्णिमा के दिन ही तथागत भगवान गौतम बुद्ध का महापरिनिर्वाण हुआ। इसलिए वैशाख पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा कहा जाता है। जीडी राऊत, संगीता पटेल सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में दुनिया के अनेक देश आपस में लड़कर वैश्विक शांति को भंग कर रहे है जो कि विश्व हित मे कतई उचित नहीं है। समारोह में गीतिका मेश्राम व अन्य बच्चो द्वारा बुद्ध गीतो का गायन भी प्रस्तुत किया गया।

# झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने किया श्रमिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर जिला भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा भाजपा कार्यालय दुर्ग में श्रमिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेजा, हमाल, कुली, मिस्त्री सहित विभिन्न निर्माण कार्यों से जुड़े मेहनतकश श्रमिकों का तिलक लगाकर, श्रीफल एवं गमछा भेंट कर सम्मान किया गया तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की सराहना की गई।

■ श्रमिकों का तिलक लगाकर श्रीफल व गमछा भेंट किया

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सहसंयोजक एवं दुर्ग संभाग प्रभारी दिनेश देवांगन उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता जिला संयोजक दिनेश मिश्रा ने की तथा संचालन राकेश दुग्गड़ ने किया।

कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि रोजी-मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले वृद्ध श्रमिक बैसाखू राम साहू को अतिथि मंच पर स्थान देकर सम्मानित किया गया। इस भावनात्मक क्षण ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अजय तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अरविंदर खुराना, झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ सहसंयोजक दीपक सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, कमलेश साहू,सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, नवीन साहू, उमेश गोस्वामी, अविनाश कुमार, कमलेश अवस्थी सहित बड़ी संख्या में श्रमवीर पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

सम्मान समारोह में बरसात, धूप और कठिन परिस्थितियों में निरंतर श्रम कर समाज और देश के निर्माण में योगदान देने वाले मजदूरों के परिश्रम को नमन किया गया। दिनेश देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को निश्चित प्रीमियम राशि जमा करने पर 60 वर्ष की आयु के बाद आजीवन पेंशन की सुविधा प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक मजबूती देने की दिशा में कार्य कर रही है।

## बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी की वार्षिक आमसभा

# बीएसपी सोसाइटी डेढ़ करोड़ के लाभ में, बैठक में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी एम्पलाइज को-आपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने वित्तीय वर्ष अप्रैल 2025-26 में शानदार परिणाम देते हुए 1 करोड़ 48 लाख, 20 हजार 97 रूपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। सेक्टर-4 इस्पात क्लब में रविवार की सुबह 10 बजे से शुरू हुई सोसाइटी की सालाना आमसभा में अध्यक्ष पूरन देवांगन ने स्वागत भाषण दिया। दिन भर चली आमसभा के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई और अध्यक्ष व संचालक मंडल ने साल भर की गतिविधियों का ब्यौरा दिया।

■ वर्ष 2025-26 का रिपोर्ट कार्ड सभा में किया पेश

इस दौरान आमसभा में बैलेंस शीट (2025-26) की स्वीकृति, बजट (2026-27) को मंजूरी और वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंकेक्षण की नियुक्ति को अनुमति देने सहित अन्य गतिविधियां संचालित की गई। शुरुआत में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अध्यक्ष पूरन देवांगन ने बताया कि वित्तीय पत्रकों एवं संस्था की प्रगति के आधार पर विगत वर्षों से संस्था को अ वर्ग का दर्जा है, जो कि सोसाइटी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने सभा के समक्ष बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में संस्था द्वारा कुल 14 करोड़, 98 लाख, 85 हजार रुपये का ऋण वितरित किया गया। इस अवधि में 52 करोड़, 89 लाख, 95 हजार 872 रूपए का लेनदेन किया गया। संस्था को वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 करोड़ 48 लाख, 20 हजार 97 रूपए का लाभ हुआ। इस अवधि में 125 सदस्यों को 16 लाख 18 हजार 776 रुपये का दुर्घटना बीमा हित लाभ प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान बीएसपी से सेवानिवृत्त हुए कुल 333 सदस्यों को 3 करोड़, 07 लाख, 05 हजार 785 रुपये की राशि अंतिम भुगतान किया गया। इसी तरह परिवार कल्याण मद के अंतर्गत 317 मामलों में 9 करोड़, 39 लाख छह हजार रुपए का भुगतान किया गया है।



### नियमित लोन की सीमा 3 से बढ़ाकर 5 लाख की गई

वर्तमान में 31 मार्च 2026 के अनुसार 3 हजार 741 सदस्यों वाली इस सोसाइटी की आमसभा में अध्यक्ष पूरन देवांगन ने बताया कि पिछली आमसभा में सोसाइटी को बेहतर ढंग से संचालित करने सदस्यों व पदाधिकारियों के सुझावों पर अमल करते हुए कई फैसले नई कार्यकारिणी ने लिए हैं। जिन्हें लागू कर दिया गया है। इनमें सोसाइटी का कार्यालयीन समय दोपहर 1 बजे से शाम 6:30 बजे तक होने से तीनों शिफ्ट के बीएसपी कर्मियों को अपना नियमित कामकाज करवाने में आसानी हुई है। एक जनवरी 2022 से आकस्मिक ऋण की सीमा एक लाख से बढ़ा कर दो लाख और नियमित ऋण की सीमा 3 लाख से बढ़ा कर 5 लाख कर दी गई है। उन्होंने बताया कल्याण (वेलफेयर) मद की राशि 22 हजार रुपये से बढ़ाकर 30 हजार कर दी गई है। वहीं आपात स्थिति के लिए 50 हजार रूपये का विशेष नया प्रावधान किया गया है।

### डिफाल्टर व जमानतदारों से किया जा रहा पत्र व्यवहार

देवांगन ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि ऋण वसूली सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। जिनमें 2 अग्रिम चेक तथा लंबे समय से ऋण की किश्त जमा नहीं करने वाले डिफाल्टर सदस्यों और उनके जमानतदारों को पत्र भेजना शुरू किया गया है, जिसके आशाजनक परिणाम निकले हैं। उन्होंने बताया कि संस्था को कंप्यूटरीकृत करवाने विवरण एकत्र कर प्रविष्टि का कार्य जारी है। इसके साथ ही प्रति माह रिटायर होने वाले सदस्यों को अगले माह की 15 तारीख को अंतिम भुगतान के साथ सम्मानित करने और सोसाइटी की गतिविधियों के लिए एसएमएस सेवा के माध्यम से जानकारी देने की पहल भी उल्लेखनीय पहल साबित हुई है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर, असमां परवीन, सदस्य विपिन बन्छोर, जानकी राव, शशि भूषण सिंह ठाकुर, पीएस कंवर और नितिशा साहू, मैनेजर सुदीप बनर्जी, पिजुष कर आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### सेना से सेवानिवृत्त जवान का हुआ भव्य स्वागत

**सेलूद।** मातृभूमि की सेवा के बाद सेवानिवृत्त होकर अपने गृह ग्राम सेलूद पहुंचे जवान संजय वर्मा का बजरंग चौक में ग्रामीणों ने आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। उनके गांव पहुंचते ही परिजनों, मित्रों और ग्रामवासियों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और देश सेवा के प्रति उनके योगदान को सराहा। मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, सरपंच खिलेश मार्कण्डेय, अनुविभागीय पत्रकार संघ पाटन अध्यक्ष किशन हिरवानी, बल्लू राय, राकेश साहू,हेमकुमारी वर्मा, माया वर्मा, नरेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

### सरपंच निभा रहे सामाजिक जिम्मेदारी



**सेलूद।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमेरी के युवा सरपंच भूषण भारद्वाज समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते नजर आ रहे हैं। गांव में किसी भी बेटी की शादी होने पर सरपंच द्वारा 5000 की आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है। बताया जा रहा है कि सरपंच ने जब पंचायत चुनाव लड़ा था, तब उन्होंने अपने घोषणा पत्र में इस योजना को शामिल किया था। अब वे अपने वादे को निभाते हुए लगातार इस पहल को जमीन पर उतार रहे हैं। इसके अलावा, गांव में श्रद्धांजलि योजना भी चलाई जा रही है। इस योजना के तहत यदि किसी परिवार में किसी सदस्य का निधन हो जाता है, तो उस परिवार को 2000 की आर्थिक सहायता दी जाती है, जिससे दुख की घड़ी में कुछ सहयोग मिल सके।

### निधन

#### राजेश भारती गोस्वामी



**भिलाई।** अहिवारा निवासी राजेश भारती गोस्वामी का निधन रविवार को सुबह 11 बजे हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को शाम 4.30 बजे किया गया। वे अल्पना गोस्वामी के पति, डॉक्टर आकाश भारती के पिता एवं साक्षी के ससूर थे।

#### सुनीता सोना



**भिलाई।** सेक्टर 5 भिलाई निवासी सुनीता सोना का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार राम नगर मुक्तिधाम में रविवार को किया गया। वे एबीयूस के सदस्य राजेंद्र सोना की पत्नी, अरुण, पंकज की मां और संत, सुमित, मोंटू, विशाल, दिव्यांश, हिंसा सोना की बड़ी मां थीं।

## भरी गर्मी में हलाकान हो रहे ग्रामीण, लगातार गिर रहा भूजल स्तर

# विनायकपुर में तांदुला जलाशय से सिर्फ एक तालाब लबालब, चार अब भी प्यासे

### सरपंच ने प्रशासन से लगाई गुहार, ग्रामीणों में भारी नाराजगी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग जिले के ग्राम पंचायत विनायकपुर में तांदुला जलाशय से तालाबों में पर्याप्त पानी नहीं भराए जाने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा जिला प्रशासन को आवेदन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की गई है।

आवेदन में बताया गया है कि हर वर्ष अप्रैल माह में तांदुला जलाशय बालोद से नहर के माध्यम से गांव के सभी निस्तारी तालाबों में पानी भरा जाता था। लेकिन इस वर्ष केवल एक ही तालाब में लगभग 70 प्रतिशत पानी दिया गया है, जबकि बाकी चार तालाब सूखे पड़े हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पहले से ही पेयजल और निस्तारी पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। गर्मी बढ़ने के साथ हालात और खराब हो गए हैं। तालाबों में पानी नहीं होने से पशुओं, किसानों और आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि अन्य गांवों के निजी तालाबों में भी भरपूर पानी दिया गया है, जबकि विनायकपुर के तालाबों की अनदेखी की गई है। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

सरपंच ने जिला प्रशासन से मांग की है कि भीषण गर्मी और पानी की कमी को देखते हुए गांव के सभी निस्तारी तालाबों में जल्द से जल्द तांदुला जलाशय से पानी भरवाया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि कम पानी ही उपलब्ध है तो गांव का एक्वीमेंट रद्द कर दिया जाए, क्योंकि कम पानी से गांव की समस्या का समाधान नहीं होगा।

## ठाकुर और पटेल को मिला श्रमवीर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



■ श्रमवीरों का स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र से किया सम्मानित

श्रमिक दिवस में अवसर पर 1 मई को प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी द्वारा ₹श्रमवीर सम्मान₹ का आयोजन प्रेस क्लब के सभागार में किया गया। इस वर्ष यह सम्मान दादूराम ठाकुर एवं मनीष पटेल को प्रदान किया गया। 85 वर्षीय दादूराम ठाकुर इस उम्र में भी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं उनके दो बेटे थे जो अब नही रहे बावजूद इसके उम्र के इस पड़ाव में भी उन्होंने हार नही मानी है और मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे हैं वहीं युवा मनीष पटेल एक दुर्घटना में अपना एक हाथ गंवा बैठे हैं लेकिन हिम्मत न हारते हुए कृत्रिम हाथ के सहारे ऑटो चला रहे हैं। समाज की ये वो शख्सियतें हैं जो समाज और विशेषकर आज की पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा हैं। मुख्य अतिथि नगरपालिकाध्यक्ष मीना वर्मा ने कहा कि ये हमारे लिए प्रेरणा हैं इन्होंने ना उम्र और ना ही परिस्थितियों की परवाह की और अपनी मेहनत से समाज में एक उदाहरण प्रस्तुत किया है इनकी मेहनत को सलाम है। सियान सदन के अध्यक्ष मुरारीलाल साव ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को इनसे सीखना चाहिए। नारायण वर्मा ने कहा कि मैं विगत 40 वर्षों से दादूराम ठाकुर को जानता हूँ ऐसा कोई काम नही जिसे उन्होंने कभी ना कहा हो फिर वो जितनी भी मेहनत का क्यों ना हो। रामाधार शर्मा ने प्रेस क्लब की प्रशंसा करते हुए कहा कि विगत 7 वर्षों से मैं देख रहा हूँ पत्रकार साथी ऐसे लोगों को ढूंढकर उनका सम्मान करते हैं यह भी समाज के लिए एक उदाहरण है। पार्षद ओंकार मार्कण्डेय ने कहा कि समाज के ऐसे लोगों का सम्मान कर वाकई प्रेस क्लब बहुत उम्दा कार्य कर रहा है। डॉ. मोहन आनंद ने कहा कि जैसा कार्य प्रेस क्लब कर रहा है सही मायने में श्रमिक दिवस की सार्थकता यही है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि प्रमोद सिंह राजपूत ने ऐसे आयोजन के लिए पत्रकारों को साधुवाद कहा। इस आयोजन में दोनों श्रमवीरों को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र एवं सम्मान राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन सचिव रविन्द्र कुमार थापा एवं सुरेश वाहने ने एवं आभार प्रदर्शन विक्रम शाह ठाकुर द्वारा किया गया। इस मौके पर अश्वनी देशलहरे, श्रीमती रीता पाण्डेय, धर्मेन्द्र सिन्हा, सुजीत यादव, रमेश यादव , अमरजीत सिंह गिल एवं विशाल ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में नगरवासी एवं पत्रकारगण मौजूद थे।

## वेतन और भत्तों में सुधार सहित कैशलेस चिकित्सा सुविधा मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

■ छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने रखा व्यापक मांग-पत्र

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के समक्ष राज्य के शासकीय, अर्धशासकीय, निगम-मंडल, शिक्षक एवं पेंशनभोगियों के हितों से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुवार सुझाव प्रस्तुत किए है। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक ने बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों के वेतन, भत्तों एवं सेवा शर्तों में व्यापक सुधार की मांग करते हुए एक विस्तृत ज्ञापन आयोग को प्रेषित किया है।

फेडरेशन ने अपने ज्ञापन में न्यूनतम वेतन 30,000 से 32,500 प्रतिमाह निर्धारित करने तथा फिटमेंट फैक्टर को 2.57 से बढ़ाकर न्यूनतम 3.68 किए जाने की मांग की है। साथ ही, वेतन संरचना को सरल बनाते हुए वार्षिक वेतनवृद्धि 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत करने एवं 8-16-24-32 वर्ष की सेवा पर समयमान वेतनमान देने का सुझाव दिया गया है। महंगाई भत्ते के संबंध में फेडरेशन ने मांग की है कि 50 प्रतिशत से अधिक होने पर डीए को मूल वेतन में स्वतः विलय किया जाए। अन्य भत्तों के अंतर्गत कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने, चिकित्सा भत्ता 3000 प्रतिमाह करने, यात्रा भत्ता में वृद्धि, संतान शिक्षा भत्ता 4500 प्रति माह तथा जोखिमपूर्ण कार्यों में लगे कर्मचारियों को 20 प्रतिशत जोखिम भत्ता देने की मांग की गई है। पेंशन एवं सेवानिवृत्ति लाभों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, पेंशन को अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत + डीए निर्धारित करने, पारिवारिक पेंशन 50 प्रतिशत करने तथा ग्रेच्युटी सीमा 30 लाख तक बढ़ाने का सुझाव दिया गया है। साथ ही, वरिष्ठ पेंशनरों को आयु के अनुसार अतिरिक्त पेंशन देने की मांग भी की गई है। फेडरेशन ने मांग की है कि कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान लंबित 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर सहित देय तिथि से स्वीकृत करने हेतु आवश्यक निर्देश शीघ्र जारी किए जाएं।

## पांचवी और आठवीं के छात्र-छात्राओं ने किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



ओम साई विद्या भवन हाई स्कूल हरीनगर दुर्ग के छात्र-छात्राओं ने पांचवी और आठवीं केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। कक्षा पांचवी के केंद्रीकृत परीक्षा में आयुष जांगड़े,अनन्या गुप्ता स्कूल के टॉपर्स बनकर उभरे है। दोनों ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किया। केतिका कंवर 96.5 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे स्थान और नितेश यादव, आराध्या पांडे 94 प्रतिशत हासिल कर तीसरे स्थान पर रही है। वही कक्षा आठवीं में ओजस्वी सोनी ने 96 प्रतिशत, हिमांशी मार्कंडेय 95 प्रतिशत, दीपाली सलाम 93.8 प्रतिशत हासिल किया। इसके अलावा अर्पणा मारकंडे 93.5 प्रतिशत, पार्थ पटेल 92 प्रतिशत, हिमानी चंद्रा माडिले 91 प्रतिशत,कपिल मारकंडे 90.5 प्रतिशत, जीवेश गौतम 92.6 प्रतिशत, अंश पांडे, प्रेरणा देवांगन ने 92.33 प्रतिशत,प्रियांशु नाग ने 91.83 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। स्कूल के डॉयरेक्टर प्रशांत सरकार, हेड मिस्ट्रेस रीना साहू ने छात्र-छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन को लेकर हर्ष व्यक्त किया है।

## लोक संस्कृति की जीवंत और आकर्षक झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



छत्तीसगढ़ में नाचा गम्मत महोत्सव संयोजक रुपेश देशमुख निकुम से उभर कर प्रदेश भर में छा गए हैं। नाचा गम्मत महोत्सव बालोद जिले के निपानी में लोक संस्कृति की जीवंत और आकर्षक झलक साफ दिखाई देती है। मंच पर रजीत चक्रधारी प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव, संयोजक रुपेश देशमुख लोक बताया कि यह तीन दिवसीय राज्य स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव है, जिसका आयोजन 1, 2 और 3 मई हो रहा है। इस तरह के आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम होते हैं, बल्कि स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू , पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया विधायक संगीता सिन्हा विधायक कुंवर सिंह निषाद विधायक ओंकार साहू सहित प्रदेश संघ पदाधिकारि सचिव ध्रुव कुमार साहू, कोषाध्यक्ष माखनलाल साहू, कमलनारायण देशमुख भुपेश, प्रकाश आदि उपस्थित थे।

## दुष्कर्म के विरुद्ध कांग्रेसियों ने आंदोलन किया

# प्रदर्शन मामले में कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुर सहित 9 गिरफ्तार व रिहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई



थाना क्षेत्र के मिनी माता चौक में पांच वर्षीय मासूम बच्ची से दुष्कर्म की घटना एवं क्षेत्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में आयोजित गृहमंत्री विजय शर्मा के पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान हुए हादसे ने अब राजनीतिक और कानूनी रूप ले लिया है। पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के साथ पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा, नेता प्रतिपक्ष द्वारिका साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, गुलशन शर्मा, जिला सचिव लोचन यादव, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र बंजारे, सत्यप्रकाश कौशिक, दिवाकर गायकवाड़ सहित 9 कांग्रेसी को गिरफ्तार कर लिया गया। कुछ समय बाद सभी को मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता पुतला दहन कर रहे थे, तभी पुतले को छीनने का प्रयास कर रहे सिविल ड्रेस में मौजूद पुलिस आरक्षक गिरधर मंडावी का हाथ आग से झुलस गया था। घायल आरक्षक को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2) एवं 221 के तहत मामला दर्ज किया था।

इस मामले में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित 9 कांग्रेस नेताओं को जांच के नाम पर नोटिस देकर रविवार को थाना उतई बुलाया गया था, जहां सभी को गिरफ्तार कर लिया गया।

घटना के बाद क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। हालांकि मामला को तूल पकड़ते देख कुछ ही ।

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि यह पूरा आंदोलन पांच वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म की घटना और क्षेत्र में बढ़ती अवैध शराब बिक्री के विरोध में किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि दुष्कर्म का आरोपी भी अवैध शराब कारोबार से जुड़ा हुआ था और उतई थाना क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब बिक्री को लेकर आमजन शिकायत करते आ रहे हैं, लेकिन संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### पुतला छीनने के प्रयास से हुआ हादसा

उन्होंने कहा कि पुतला दहन कार्यक्रम की पूर्व सूचना पुलिस को दी गई थी और बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात था। इसके बावजूद पुलिस द्वारा पुतला छीनने का प्रयास किया गया, जिससे यह हादसा हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना को भाजपा सरकार के इशारे पर राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। श्री ठाकुर ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब भाजपाइयों द्वारा विपक्षी नेताओं का पुतला दहन किया जाता है तब मौकों पर पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है, तो इस बार गृहमंत्री का पुतला जलने से रोकने के लिए इतनी बड़ी संख्या में पुलिस बल क्यों तैनात किया गया था? ठाकुर ने आगे कहा कि हाल ही में भाजपा आईटी सेल से जुड़े लोगों द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया गया था, जिस पर पुलिस ने कांग्रेस के दबाव और महिला आयोग के हस्तक्षेप के बाद भिलाई नगर थाना में मामला दर्ज किया था। अब उस मामले को दबाने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई की जा रही है।

## ग्राम पंचायत में चलाया स्वच्छता अभियान



**अण्डा।** ग्राम पंचायत ओडारसकरी में हर माह की भांति इस माह के प्रथम शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व ग्राम पंचायत सरपंच अनिल सोनी ने किया। इस दौरान स्वच्छता समूह की बहनों एवं ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गांव के प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों एवं नालियों की साफ-सफाई की गई। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए साफ-सुथरा वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। सरपंच अनिल सोनी ने कहा कि स्वच्छ गांव, स्वस्थ गांव की पहचान है और सभी ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

## अंचल की खबरें

### प्रतिभाशाली लीना को किया सम्मानित



**जामुल।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा 2026 में सुरडूंग निवासी लीना साहू ने 98 प्रतिशत अंक के साथ अपनी शानदार सफलता दर्ज की है। लीना साहू वर्तमान में प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर में अध्यनरत है। राज्य स्तरीय टॉप 10 मेरिट सूची में उन्होंने सप्तम स्थान प्राप्त किया है। छात्रा लीना साहू नगर पालिका जामुल क्षेत्र के सुरडुंग की निवासी है। इनके पिता पितांबर साहू औद्योगिक क्षेत्र भिलाई बीईसी कम्पनी में वेल्डर का काम करते है वहीं इनकी माता भारती साहू गृहिणी है। इनकी उपलब्धि पर प्रोत्साहन हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडुंग के प्राचार्य दिल्लीवार एवं शिक्षक गण रमेश साहू, चौधरी, संकुल समन्वयक अशोक वर्मा , छबिलाल साहू, प्रकाश हिरवानी, संदीप पांडे, सूर्यकांत हरदेल और जागेश्वरी पठारी ने उनके निवास पर जाकर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### देश नव सृजन में मजदूरों का महत्वपूर्ण योगदान



**सेलूद।** मजदूरो के सम्मान में श्रमिक दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत सेलुद के युवा सरपंच खिलेश मारकंडे ने कहा कि जिन्होंने पुरे देश में नव निर्माण नव सृजन का कार्य करते आ रहे है। इस अवसर पर सेलूद कांग्रेस मंडल के पदाधिकारियों ने मजदूरों के साथ मिलकर पारंपरिक बोरे-बासी का सेवन किया और उनके श्रम के प्रति सम्मान प्रकट किया। कार्यक्रम में उपस्थित मजदूरों को गमछा और नारियल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जयश्री वर्मा, अश्वनी साहू, खिलेश मारकंडे, जवाहर वर्मा, संजय यादव, नरेश श्रीवास, मन्नू यदु, विश्वनाथ यादव, प्रेमलाल साहू देव ठाकुर लेखराम साहू, हल्लू यादव, रोहित शिवारे, कन्हैया साहू, भागवत, भागीरथी शिवारे, केशवदास, कुमार ठाकुर, पूर्णिमा साहू, सोहद्रा, अनीता निषाद, रोहणी साहू, कृष्णा, मीना कुर्रे, उमा ,लक्षनी, रुखमणी सेन, रुखमणी यादव, रैनी, बिंदा वर्मा, भागी ,संजय यादव, फाग्नी, मन्नू यदु।फुलेसर, तामेश्वरि, उर्वशी, दुलारी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### रिसामा में बोरे-बासी के साथ मनाया मजदूर दिवस



**अण्डा।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर ग्राम रिसामा में जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के निर्देशानुसार मनरेगा मजदूरों के बीच श्रमिक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान मजदूरों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी ने मिलकर छत्तीसगढ़ की पारंपरिक व्यंजन बोरे-बासी का आनंद लिया। कार्यक्रम में श्रमिकों के परिश्रम और योगदान को सराहा गया तथा उनके अधिकारों एवं सम्मान पर चर्चा की गई। इस अवसर पर कांग्रेस से जिला सचिव डा.पिलेश्वर साहू, संदीप चंद्राकर, भूपेश यादव, चूरामन साहू, चंद्रशेखर, प्रशान्त पाण्डेय, गीतेश्वर सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम सरपंच रोशन साहू, ग्राम पंचगण एवं महिला श्रमिकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों के प्रति सम्मान प्रकट करना और उनके साथ एकजुटता दर्शाना रहा। ग्राम रिसामा में श्रमिक दिवस का यह आयोजन सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

### जिपं अध्यक्ष ने मजदूरों के पांव पखारे



**जामुल/ मुरमुंदा।** मजदूर दिवस के अवसर पर जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने विकासखंड धमधा के ग्राम पंचायत खेरधा एवं मुड़पार का दौरा कर वहां के श्रमिकों का सम्मान किया और उनसे संवाद किया। कार्यक्रम की शुरुवात सुबह 7:30 बजे ग्राम पंचायत खेरधा में हुई, जहां उन्होंने श्रमिकों के योगदान की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया। इसके पश्चात सुबह 9:30 बजे ग्राम पंचायत मुड़पार में भी श्रमिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती बंजारे ने श्रमिकों को राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा हाल ही में शुरू किए गए ई-श्रम साथी मोबाइल एप के बारे में बताया, जिसके माध्यम से श्रमिकों को कई प्रकार की सुविधाएं और लाभ आसानी से प्राप्त हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में श्रमिकों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार की योजनाएं श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सहायता और रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष बंजारे ने श्रमिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके पैर धोकर उनका अभिनंदन किया तथा उन्हें स्वल्पाहार कराकर सम्मानित किया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## महिला थाना के परामर्श केंद्र का कलेक्टर अभिजीत सिंह ने किया निरीक्षण

**भिलाई।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सेक्टर 6 स्थित महिला थाना दुर्ग स्थित परिवार परामर्श केंद्र का द्वारा भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में संचालित काउंसलिंग प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। कलेक्टर द्वारा सभी काउंसलरों से मुलाकात कर उनके कार्य अनुभव, काउंसलिंग के दौरान आने वाली चुनौतियों, समाधान के उपायों पर चर्चा की। परिवारिक विवादों के निराकरण के लिए अपनाई जा रही प्रक्रियाओं की समीक्षा की गई। रविवार को आयोजित पुरुष पक्ष की शिकायतों को लेकर आयोजित काउंसलिंग सत्र में कलेक्टर द्वारा स्वयं सहभागिता करते हुए पक्षों को परामर्श दिया। काउंसलिंग प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से समझा गया। उन्होंने प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी आमंत्रित किए। संचालन में महिला थाना, दुर्ग में पदस्थ समस्त काउंसलरों, कर्मियों की भूमिका रही।

### सीटू ने बीएसपी के कार्यपालक निदेशक को लिखा पत्र

# बीएसपी में कर्मियों को जबरिया घर बिठाने की प्रक्रिया से असंतोष, ग्रेडिंग को छिपाने के विरुद्ध यूनियनें एकजुट

**ग्रेडिंग सिस्टम को पारदर्शी नही बनाने पर दी लोकतांत्रिक व वैधानिक रास्ता अपनाने की चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निजीकरण के दौर में सेल भिलाई इस्पात संयंत्र में उच्च प्रबंधन द्वारा मेन पावर पर शिंकजा कसने के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्त के बाद अब अनिवार्य सेवानिवृत्ति के कदम के खिलाफ असंतोष बढ़ रहा है। इसके खिलाफ यूनियनों ने कर्मियों को एकजुट करना शुरु कर दिया है। सीटू ने जबरिया सेवानिवृत्ति के लिए कर्मियों को दिए जाने वाले ग्रेडिंग को छुपाने का पुरजोर विरोध करते हुए कर्मचारियों के कार्य मूल्यांकन (ग्रेडिंग) को उनसे छिपाकर रखना पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों का खुला उल्लंघन है और मौलिक अधिकारों का भी हनन है। कार्यपालक निदेशक को भेजे पत्र में बीएसपी में कर्मियों की जबरिया सेवानिवृत्ति के लिए उनकी ग्रेडिंग छिपाने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। चेताया है कि ऐसा नहीं किए जाने पर यूनियन लोकतांत्रिक और वैधानिक संघर्ष का रास्त अपनाएगी ओर औद्योगिक अशांति का अंदेशा भी बना रहेगा।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में मेन पावर कम करने के लिए नियमित कर्मचारियों के साथ ठेका मजदूरों की भी तादाद को कम किए जाने की तैयारी चल रही है। कर्मियों के लिए वीआर स्कीम व कंपलसरी रिटायरमेंट की प्रक्रिया शुरु हो गई है वहीं मजदूरों की 35 प्रतिशत कटौती किए जाने का फरमान जारी हो चुका है। सीटू यूनियन ने कर्मियों को जबरिया घर बिठाने का विरोध करते हुए कहा है कि किसी भी संस्थान में निष्पक्ष और स्पष्ट मूल्यांकन प्रणाली कर्मचारियों के मनोबल, विश्वास और कार्यक्षमता को बढ़ाने का आधार होती है। लेकिन वर्तमान स्थिति में प्रबंधन द्वारा अपनाई जा रही गोपनीयता कर्मचारियों के बीच असंतोष, अविश्वास और असुरक्षा का माहौल पैदा कर रही है।प्रबंधन द्वारा कर्मचारी विरोधी नॉन एग्जीक्यूटिव प्रमोशन पॉलिसी के लागू करने के बाद यूनियन ने पॉलिसी में दर्ज ग्रेडिंग सिस्टम पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रबंधन द्वारा कर्मियों को दिए जाने वाले ग्रेडिंग को कर्मचारियों को दिखाने की मांग करते हुए कहा कि अधिकारियों के तर्ज पर ही कर्मचारियों को भी उनके मूल्यांकन के आधार पर दिए गए ग्रेडिंग को देखने व सुधारने का अवसर दिया जाना चाहिए लेकिन प्रबंधन का जवाब ढुलमुल होता है।



### ग्रेडिंग प्रणाली को हथियार न बनाए प्रबंधन

सीटू के मुताबिक ग्रेडिंग प्रणाली का उपयोग एक निष्पक्ष मूल्यांकन उपकरण के बजाय प्रबंधन के हथियार के रूप में किया जा रहा है। मनमाने ढंग से कर्मचारियों को कम ग्रेड देना, भविष्य में कंपलसरी रिटायरमेंट (जबरिया सेवानिवृत्ति) जैसे कठोर और अन्यायपूर्ण कदमों को लागू करने की एक सुनियोजित रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है। यह न केवल श्रमिक हितों पर हमला है, बल्कि रोजगार की स्थिरता को कमजोर करने और श्रमिकों में भय का वातावरण बनाने का प्रयास भी है।

### श्रमिक हितों के मुद्दों पर निर्णय पूर्व यूनियन से है चर्चा जरूरी

सीटू यूनियन ने प्रबंधन से मांग की है कि सभी कर्मचारियों को उनकी व्यक्तिगत ग्रेडिंग और मूल्यांकन रिपोर्ट तक तत्काल और पूर्ण पहुंच प्रदान की जाए। मूल्यांकन के मापदंडों, प्रक्रिया और निर्णय लेने के आधार को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के साथ निष्पक्षता के लिए ग्रेडिंग प्रक्रिया में यूनियन की भागीदारी सुनिश्चित की जाए । किसी भी प्रकार के कंपलसरी रिटायरमेंट या कर्मचारियों को जबरन हटाने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाएं और श्रमिक हितों से जुड़े सभी महत्वपूर्ण निर्णयों में श्रमिक प्रतिनिधियों की सहमति को अनिवार्य किया जाए। ऐसा नही करने पर यूनियन अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर लोकतांत्रिक और वैधानिक संघर्ष का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। बीएसपी देश की औद्योगिक रीढ़ है, और यहां के श्रमिक इसकी असली ताकत हैं। उनके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय न केवल अस्वीकार्य है, बल्कि औद्योगिक शांति और उत्पादन व्यवस्था के लिए भी घातक साबित होगा।

## पानी सफाई पर सख्त हुए विधायक अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर-5 स्थित अपने कार्यालय में जनता से भेंट-मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान पानी और सफाई से जुड़े मुद्दे प्रमुख रूप से सामने आए, जिन पर विधायक ने निगम और बीएसपी अधिकारियों से चर्चा कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

■ भेंट मुलाकात में विधायक देवेन्द्र ने सुनी जनता की समस्याएं

सेक्टर-6 एचएससीएल कॉलोनी के रहवासियों ने विधायक को बताया कि उनके प्रयास से बीएसपी प्रबंधन ने बिजली कनेक्शन तो उपलब्ध करा दिया है, लेकिन अब पेयजल की समस्या बनी हुई है। इस पर विधायक ने पाइपलाइन विस्तार कर जल्द से जल्द घरों तक पानी पहुंचाने का आश्वासन दिया। बैठक में कांकेर, धमतरी और राजनांदगांव सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे युवाओं ने रोजगार और शिक्षा से जुड़े मुद्दे भी उठाए। विधायक यादव ने इन विषयों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए स्थानीय स्तर पर अवसर बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने की बात कही। इसके अलावा सतनामी, साहू समाज और बौद्ध समाज के पदाधिकारियों ने भी सौजन्य मुलाकात कर अपनी बातें रखीं। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और हर मुद्दे पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि जनता से सीधा संवाद और भेंट-मुलाकात का सिलसिला आगे भी लगातार जारी रहेगा।




## आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वय की क्षमता का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जेके लक्ष्मी सीमेंट संयंत्र में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सेफ्टी गेट मीटिंग से हुई, जहां श्रमिकों ने नाटक के माध्यम से सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान कार्यस्थल की सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाई गई और श्रमिकों के बीच मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में संयंत्र प्रमुख राजपाल सिंह शेखावत ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों को पुरस्कृत कर उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि संयंत्र में श्रमिकों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और प्रत्येक माह की पहली तारीख को श्रमिकों की सहभागिता से विशेष बैठक आयोजित की जाती है। मई दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के उपसंचालक मनीष कुंजाम के मार्गदर्शन में संयंत्र में सेफ्टी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान एकाउंट्स विभाग में आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाकर उससे निपटने की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल में संयंत्र की सुरक्षा एवं सेफ्टी टीम, मानव संसाधन विभाग और ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर की मेडिकल टीम ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया। टीम ने अपनी तत्परता और समन्वय के जरिए आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों का प्रभावी प्रदर्शन किया, जिसका अवलोकन उपसंचालक मनीष कुंजाम द्वारा किया गया। इस अवसर पर संयंत्र प्रमुख राजपाल सिंह शेखावत, उपसंचालक मनीष कुंजाम, मानव संसाधन प्रमुख मनीष तिवारी, संतोष कुमार लेंका, मिलन अहीर आदि मौजूद थे।



■ जेके लक्ष्मी सीमेंट में मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में मॉकड्रिल का आयोजन

## योगलंगर परिसर दशहरा मैदान रिसाली में स्टोर रूम का भूमिपूजन



**भिलाई।** योगलंगर परिसर दशहरा मैदान, रिसाली में स्टोर रूम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा के कर कमलों द्वारा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर योगलंगर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी, कार्यकारी अध्यक्ष विजय राम, सचिव संजय उके, परमजीत बिरदी, उल्लास कोपुलवार, अनिल ठाकुर, नारद वैष्णव, कार्तिक ठाकुर, आरएस अग्रवाल, गीता सिंह, सरोज साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



हरिभूमि लाइव
भिलाई, सोमवार 4 मई 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02

ब्रह्म प्रकाश पत्रिका विमोचन कर...

## लाइव इवेंट

### हर्षोल्लास के साथ मनाई बुद्ध जयंती, दिया व्याख्यान



**भिलाई।** पंचशील बुद्ध विहार खुर्सीपार भिलाई में नवयुवक संगठन कल्याण समिति द्वारा सेक्टर 11, वार्ड 42 खुर्सीपार में हर्षोल्लास के साथ बुद्ध जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इंद्रजीत सिंह द्वारा भारत रत्न डॉ बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पंचशील बुद्ध विहार खुर्सीपार के अध्यक्ष भागवत शेंडे द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती जलाकर उन्हें नमन किया गया। बुद्ध विहार में रायपुर के धम्म मित्र योगेश मेश्राम द्वारा बुद्ध वंदना की गई। मुख्य अतिथि द्वारा बहुत ही सारगर्भित शब्दों में तथागत बुद्ध की जीवनी का वर्णन किया एवं बाबा साहब ने अपने समाज को उनका मान सम्मान दिलाने के लिए किये गए त्याग और समर्पण का वर्णन किया। डॉ रेशमी वासनीकर ने तथागत के बारे में व्याख्यान दिया एवं समाज सेवी भारती खांडेकर द्वारा विस्तृत रूप से तथागत बुद्ध के विचारों के बारे में बताया। दि बुद्धिस्ट सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं एस सी एसटी संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव अनिल मेश्राम द्वारा तथागत और बाबा साहब के विचारों को अपनाने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का मोमेंटो देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर पहले हुए नृत्य और गायन सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

अंत में धम्म मित्र बांगरे द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन इंदु ताई ऊके द्वारा किया गया। जिसके बाद उपासक और उपासिकाओं सहित सभी गणमान्य नागरिकों को खीर पूड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।

## लाइव इवेंट

### यादों में जीवित रहेगी समर्पण और शिक्षा की अनुपम विरासत, शॉल और श्रीफल देकर दी विदाई



**दुर्ग।** पीएम केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में वरिष्ठ शिक्षिकाओं नीता दास और शीला चाको को भावभीनी विदाई दी गई। लगभग 35 वर्षों तक शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण, अनुशासन और आत्मीयता के साथ सेवाएं देने वाली दोनों शिक्षिकाओं के सम्मान में आयोजित समारोह भावनाओं और स्मृतियों से सराबोर रहा। कार्यक्रम में दुर्ग, उतई, चरोदा, रायपुर, नया रायपुर और अंबिकापुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथियों, सहकर्मियों, पूर्व छात्रों एवं परिजनों की उपस्थिति रही। समारोह में दोनों शिक्षिकाओं को पुष्प, शाल, श्रीफल, मानपत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके दीर्घकालीन योगदान को याद किया गया। प्राचार्या प्रभा मिंज, सुनीता खिरबत एवं पुष्पा बड़ा सहित अनेक वक्ताओं ने उनके शिक्षकीय जीवन, अनुशासनप्रियता और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा को केवल पेशा नहीं, बल्कि संस्कार निर्माण का माध्यम बनाया। सच्चे शिक्षक अपने कार्यकाल से नहीं, बल्कि अपने ज्ञान, स्नेह और प्रेरणा से सदैव स्मृतियों में जीवित रहते हैं। डॉ. श्रावणी सिंह की गीत प्रस्तुति, संजू भदोरिया, उषा शर्मा एवं विशाल देवांगन द्वारा तैयार वीडियो वृत्तचित्र, डॉ. अजय आर्य के संस्कृत श्लोक ने समारोह को भावुक बना दिया। पूर्व छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि दोनों शिक्षिकाओं ने न केवल पाठ्यक्रम की शिक्षा दी बल्कि जीवन मूल्यों, आत्मविश्वास और संस्कारों की सीख देने के साथ ही उन्होंने वर्षों तक अनगिनत विद्यार्थियों के जीवन को एक नई दिशा दिखाई।

## लाइव इवेंट

### शरीर को ठंडा रखने, पाचन सुधारने और लू से बचाने बोरे बासी लाभकारी



**दुर्ग।** शासकीय डॉ.वा.वा. पाटनकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आईक्यूएसी समाजशस्त्र और गृहविज्ञान विभाग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस एवं बोरे बासी दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. रेशमा लाकेश ने अपने उद्बोधन में बताया कि छत्तीसगढ़ कि परम्परा और मेहनतकश जीवन का स्वाद लोकसंस्कृति, श्रम और सादगी का उत्तम प्रतीक अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस और बोरे बासी दिवस है। समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. मोनिया राकेश सिंह ने कहा कि श्रमिक दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों, समाजिक न्याय और बेहतर कामकाजी परिस्थियों के लिए संकल्प लेना है।

● हरिभूमि का फिल्मी कारवां... 5 अप्रैल से हुई शुरुआत, अब तक 5 हजार से ज्यादा लोग देख चुके फिल्म

# संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की जीवनी पर आधारित फिल्म देखने उमड़े लोग, सांसद बघेल बोले-ऐसी फिल्म से रूबरू कराने हरिभूमि का आभार

**हरिभूमि फिल्मोत्सव के अंतर्गत रविवार को भारतरत्न बाबा साहेब अम्बेडकर और उनकी पत्नी रमा बाई के जीवन संघर्ष और उनके त्याग को दर्शाती हिंदी फिल्म रमाई का प्रदर्शन किया गया। चंद्रा-मौर्या सिनेमाघर में हरिभूमि परिवार द्वारा पाठकों को दिखाई जाने वाली यह पांचवीं फिल्म थी। इससे पहले 5 अप्रैल से हरिभूमि ने समर फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत की है। पहली फिल्म धुरंधर-2 दिखाई गई। इसके बाद मर्दानी-3, छत्तीसगढ़ी फिल्म एमए प्रिवीएस, भूत बंगला दिखाई। अब तक पिछले पांच हफ्तों में 5 हजार से ज्यादा लोगों फिल्म देखने पहुंच चुके हैं। रविवार की सुबह फिल्म रमाई देखने दर्शक उमड़ पड़े। इस दौरान सांसद विजय बघेल भी समर्थकों के साथ फिल्म देखने पहुंचे।**



**भिलाई।** सांसद विजय बघेल ने फिल्म रमाई के कलाकारों और दर्शकों के साथ बैठकर पूरी फिल्म देखी। फिल्म देखने के बाद सांसद बघेल ने हरिभूमि परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब फिल्म देखना कम ही होता है लेकिन अरसे बाद हरिभूमि फिल्मोत्सव के माध्यम से ऐसी सोद्देश्यपूर्ण फिल्म देखने को मिली। ग्रीष्मकालीन अवकाश में हरिभूमि की ओर से फिल्मोत्सव का आयोजन प्रत्येक रविवार किया जा रहा है। इस रविवार भिलाई स्टील प्लांट के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय व उनकी पत्नी प्रेरणा धाबर्डे अभिनीत फिल्म रमाई की विशेष स्क्रीनिंग रखी गई। फिल्म देखने के लिए बड़ी तादाद में दर्शक जुटे। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल का स्वागत हरिभूमि परिवार की ओर से ब्यूरोचीफ डॉ. संदीप उपाध्याय, यूनिट हेड विजय प्रसाद मंडल, अतुल अग्रवाल, जाकिर हुसैन, देवीलाल साहू, संगीता मिश्रा, सुवांकर रॉय, संजय पाण्डेय, कौशिक चटर्जी, राजू डोरा, पिंकी चौधरी, बलदाऊ पाण्डेय, राजीव पाण्डेय और महेन्द्र खरे ने किया। इस मौके पर दर्शकों ने भी उत्साहजनक प्रतिक्रिया दी। नेहरू नगर से फिल्म देखने आईं शुभ्रा रस्तोगी ने कहा कि ऐसी भावनात्मक फिल्म अरसे बाद उन्होंने देखी। इसके लिए हरिभूमि का विशेष तौर पर आभार। सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी विश्वास मेश्राम ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर की पत्नी का जीवन संघर्ष जिस तरह बड़े परदे पर जीवंत किया गया, वह बेमिसाल है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी हरिभूमि की तरफ से ऐसी ही उच्च स्तरीय फिल्मों का प्रदर्शन होगा। सेक्टर-4 से पहुंचे कृष्णाजी नंदेश्वर ने कहा कि उन्होंने पहले भी यह फिल्म देखी थी लेकिन आज हरिभूमि फिल्मोत्सव में सपरिवार फिल्म देखने से खुद को रोक नहीं पाए।

### सांसद बघेल बोले- मंत्रिमंडल-विधायकों को भी दिखाएंगे रमाई

सांसद विजय बघेल ने रमाई देखने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह फिल्म समाज के हर वर्ग को देखने योग्य है, जो हमें त्याग, संघर्ष और समानता के मूल्यों की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि हरिभूमि फिल्मोत्सव के माध्यम से वह इस फिल्म को देख पाए, इसके लिए आभार। आगे वह प्रयास करेंगे कि मुख्यमंत्री के साथ समूचा मंत्रिमंडल और विधायकगण भी इस फिल्म को देखे और इसे प्रदेश में टैक्स फ्री करने के लिए भी प्रयास करेंगे। कैम्प-2 निवासी इस्माइल खान ने कहा कि हरिभूमि फिल्मोत्सव के माध्यम से उन्हें रमाई देखने का मौका मिला, इसके लिए खास तौर पर वह हरिभूमि परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रमाई टीम की ओर से प्रतिमा मिश्रा, कविता चौकीकर, शैलेंद्र भगत, प्रवीण वासनिक, सह निर्माता राजकुमार रामटेके, सुभाष मेश्राम के अलावा सांसद विजय बघेल के साथ लिलेश कुमार देशमुख, उज्ज्वल दत्ता, अब्दुल नासिर, कोमल प्रसाद और एसबी सिंह सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।







## स्वच्छता दूतों को भीषण गर्मी में दी राहत, गमछा और छांछ किया वितरित



**भिलाई।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने वाले स्वच्छता कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए शिव जी अर्पण सेवा समिति भिलाई नगर द्वारा सेक्टर-4 स्थित जनस्वास्थ्य विभाग में आज सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समिति के अध्यक्ष रोहन मून और सदस्यों द्वारा सेक्टर 1, 2, 3 एवं 4 में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाले स्वच्छता कर्मियों स्वागत कर सम्मानित किया गया। समिति ने उनके कठिन परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि इन्हीं स्वच्छता योद्धाओं की बदौलत शहर के घर, गलियां और मोहल्ले स्वच्छ एवं व्यवस्थित बने रहते हैं। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा सभी स्वच्छता कर्मियों को धूप से बचाव के लिए गमछा भेंट किया गया तथा उन्हें ठंडी छाछ पिलाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि ये कर्मचारी हमारे समाज के वास्तविक नायक हैं, जो कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर नगर सेवा में लगे रहते हैं। कार्यक्रम में समिति के सदस्य कृष्णा चौहान, यश गुप्ता, कैलाश ठाकुर, अखिलेश, रिया सिंह, कशिश, प्रियंका सहित जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ओए ने सेवानिवृत्त बीएसपी अधिकारियों का किया सम्मान



**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा अप्रैल माह में सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा एवं उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन, सिविक सेंटर, भिलाई में किया गया। सेफी चेयरमेन और आफिसर्स एसोसएशिन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, महासचिव अंकुर मिश्रा सहित सेफी नामिनी अखिलेश मिश्रा, उपाध्यक्ष द्वय संतोष सिंह, रेमी थॉमस, सचिव द्वय अनु पी उपस्थित उपस्थित थे।

समारोह में अप्रैल माह में सेवानिवृत्त हुए उमेश रामचंद्र कांगो, महाप्रबंधक गण एमवी के रामप्रसाद, संदीप गुप्ता, एजीएम पिजूष शुभ्र सेन एजीएम राकेश कुमार शर्मा, एजीएम राजेन्द्र लवांग, सीनियर मैनेजर सुकुमार चक्रवर्ती, सीनियर मैनेजर उमेश प्रसाद त्रिपाठी, डिप्टी मैनेजर ओमप्रकाश मिश्रा, असिस्टेंट मैनेजर, जोगेन्द्र कुमार, असिस्टेंट मैनेजर, राजेश सिंह ठाकुर, असिस्टेंट मैनेजर का सम्मान राशि व अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया गया।

श्री बंछोर ने सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को उनके स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जो उपलब्धियां हासिल किया गया है उन उपलब्धियां को हासिल करने में आप जैसे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों कायोगदान है।

### सेवानिवृत्तों का योदगान

अंकुर मिश्रा ने ओए व सेवानिवृत्त अधिकारियों के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन ओए जोनल प्रतिनिधि दिनेश मानिकपुरी ने किया।

इस अवसर पर परविन्दर सिंह, जे पी शर्मा एवं ओए जोनल प्रतिनिधि संजय तिवारी, जी पी सोनी, मिलिंद बंसोड, श्रवण कुमार शुक्ला, विवेक सिंह चौहान, शरद कुमार अग्रवाल, संदीप बोरकर, संजीव कुमार सोनी, अखिल मिश्रा, सरोजन प्रसाद, विकास सिन्हा, रोहित हरित, एच एल सोनवानी एवं एक्स ओए महासचिव जे बी पाटिल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित थे।

## विभिन्न क्षेत्रों के समाज सेवियों ने बढ़ाया मानवता का मान, दी सेवाएं

कार्नर न्यूज

# परीक्षा केंद्रों पर सेवा का संवेदनशील अभियान, विभिन्न सेंटर्स में सैंकड़ों बच्चों को बांटा पानी और स्नैक्स

**भिलाई।** भीषण गर्मी के बीच नीट परीक्षा देने पहुंचे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए आर्य समाज, अध्यात्म पथ, वैदिक सत्संग समिति और आर्य वीर दल द्वारा सेवा अभियान चलाते हुए पानी और स्नेक्स वितरित कर सामाजिक संवेदनशीलता का परिचय दिया। केंद्रीय विद्यालय दुर्ग, आत्मानंद स्कूल दीपक नगर, साइंस कॉलेज एवं झाड़राम देवांगन स्कूल सहित चार प्रमुख परीक्षा केंद्रों पर समाजसेवियों ने पूरी निष्ठा से सेवाएं दीं।

इस दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर लगभग एक हजार से अधिक विद्यार्थियों को पानी की बोतल, बिस्किट, नमकीन एवं फलाहार वितरित किया गया। इस सेवा कार्य ने न केवल परीक्षार्थियों को राहत पहुंचाई, बल्कि अभिभावकों के मन में भी समाजसेवियों के प्रति गहरा सम्मान उत्पन्न किया।

### ईश्वर द्वारा दी हुई शक्ति है समाजिक सेवा

इस दौरान आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि आज जिन विद्यार्थियों की सेवा की जा रही है, वही भविष्य में देश के डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करेंगे। उन्होंने सेवा को ईश्वर प्रदत्त शक्ति बताते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति से मानवता के ऐसे कार्यों से जुड़ने का आह्वान किया। महर्षि दयानंद सरस्वती के संसार का उपकार सिद्धांत को आधार बनाकर संचालित इस अभियान ने सेवा को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। साथ ही बताया कि गुरु नानक, कबीर, रहीम, तुलसी, झूलेलाल, जलाराम एवं वेद-शास्त्रों में भी परोपकार को पुण्य का मार्ग और दूसरों का अहित करना पाप माना गया है।









### अभिभावकों ने भी सेवाकार्य में हाथ बंटाया

इस सेवा कार्य में हेमा सक्सेना, पतिराम साहू, ओमप्रकाश काकरान, राजकुमार भल्ला, बसंत वर्मा, ऋचा श्रीवास्तव, हरप्रीत कौर सहित अनेक स्वयंसेवकों की सेवा से प्रभावित होकर कई अभिभावक भी आगे आए और बच्चों को अपना मानकर जल एवं नाश्ता वितरण में सहभागी बने। विभिन्न परीक्षा केंद्रों में राजकुमार भल्ला, डॉ. आरके मल्होत्रा, केके शर्मा, धर्मपाल खंडूजा, रवि आर्य, शिपी आर्य, कमलेश आर्य, भारती जुल्का, प्रेमलता ठाकुर, रीना गुप्ता, पूजा गंगवानी, आशीष सक्सेना, राहुल कुमार लोध, डॉ. आशी मिश्रा सहित अनेक सेवाभावी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ने इस अभियान में रही। इस दौरान अभिभावकों ने कहा कि यह पहल केवल परीक्षा दिवस की सहायता नहीं, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय मूल्यों को सशक्त करने का प्रभावी माध्यम है। यह छोटी-सी सेवा भी समाज में बड़ी सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकती है।

स्पोर्ट्स इवेंट

## खेल अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को करता है विकसित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज संगठन युवा प्रकोष्ठ द्वारा दुर्ग जिला स्तरीय निषाद बंधु टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 का आयोजन ग्राम कोलिहापुरी में संपन्न हुआ। पहली बार आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले भर के निषाद समाज के खिलाड़ियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ भागीदारी निभाई।

- निषाद बंधु जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर

दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में दुर्ग जिले के 13 परिक्षेत्रों से 13 टीमों ने हिस्सा लिया। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मैदान में जोश, प्रतिस्पर्धा और एकजुटता का अनूठा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल सिर्फ शारीरिक फिटनेस का माध्यम नहीं, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करता है। उन्होंने निषाद समाज की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पहली बार इस तरह की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने समाज के युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने के प्रयासों की तारीफ की और भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को पूरा सहयोग मिलेगा। आयोजन के दौरान समाज के युवाओं में खेल के प्रति जबरदस्त उत्साह और एकता देखने को मिली। यह संकेत है कि आने वाले समय में दुर्ग जिले से प्रतिभाशाली खिलाड़ी निकलकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाएंगे। इस अवसर पर निषाद समाज के जिला अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. धनश्याम निषाद, उपाध्यक्ष बीरेंद्र निषाद, बुधारू राम निषाद, खिलावन निषाद, संतोष जलतारे, पीपरछेड़ी सरपंच ललिता निषाद, झोला सरपंच कौशल निषाद सहित समाज के कई वरिष्ठजन, पदाधिकारी, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

● सरयू पारीण ब्राह्मण समाज की वार्षिक आमसभा में जुटे सामाजिक सदस्य

# ब्रह्म प्रकाश पत्रिका विमोचन कर नई पीढ़ी को उच्च शिक्षा वैचारिक मजबूती और संस्कारों से जोड़ने पर दिया बल

**भिलाई।** सरयू पारीण ब्राह्मण समाज भिलाई-दुर्ग जिला की वार्षिक आमसभा और समाज की प्रतिष्ठित पत्रिका ब्रहम प्रकाश के 13वें अंक का विमोचन ब्रहम प्रकाश भवन, स्मृति नगर में गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महंत राजश्री राम सुंदर दास महाराज दूधाधारी मठ रायपुर और विशिष्ट अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय उपस्थित रहे। इस अवसर पर दोनों अतिथियों ने समाज की वैचारिक परंपरा, संगठन शक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व को समय की आवश्यकता और ब्रम्ह प्रकाश पुस्तिका के विमोचन को आने वाली नई पीढ़ी के लिए शिक्षा और संस्कार का सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान ब्रहमदेव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं पूजा-अर्चना से की गई। पंडित हरिकृष्ण पांडेय द्वारा स्वस्तिवाचन किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथियों का शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और बैच लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर ब्रहम प्रकाश पत्रिका का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया, जिसे समाज की गतिविधियों, विचारधारा और सामाजिक सहभागिता का महत्वपूर्ण दस्तावेज बताया गया।



### ब्राह्मण समाज की मूल पहचान सर्वहित की भावना-महंत राम सुंदर

मुख्य अतिथि महंत राम सुंदर दास ने कहा कि सरयू पारीण ब्राह्मण समाज जिस सक्रियता और संगठित भावना से कार्य कर रहा है। समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश का नियमित रूप से प्रकाशन होना और सामाजिक कार्यों को इसमें साझा करना और सभी जानकारी इस पत्रिका के माध्यम से होना सराहनीय है। हमारे पूर्वजों ने सदैव सभी समाजों के हित और भलाई की बात की हैं। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज की मूल पहचान ज्ञान, संस्कार, शिक्षा और सर्वहित की भावना रही है। आने वाली पीढ़ियों को श्रेष्ठ विचार, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व देना ही समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।



### संस्कारों से जोड़ने पर दिया विशेष बल

विशिष्ट अतिथि प्रेम प्रकाश पांडेय ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि जब-जब समाज को नई दिशा की आवश्यकता हुई, तब-तब ब्राह्मण समाज ने वैचारिक नेतृत्व प्रदान किया। आज कुछ लोग ब्राह्मण समाज के प्रति द्वेष पूर्ण तरीके बाते करते हैं, जबकि समय समय पर इस ब्राह्मण समाज के ही दधीचि, वशिष्ठ, परशु राम, चाणक्य, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महापुरुषों का उल्लेख करते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव सर्वसमाज के हित में कार्य किया है। उन्होंने नई पीढ़ी को उच्च शिक्षा, वैचारिक मजबूती और संस्कारों से जोड़ने पर विशेष बल दिया।

### पत्रिका के सामाजिक महत्व पर डाला प्रकाश

समाज अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने समाजजनों से सक्रिय सहभागिता बढ़ाने का आह्वान किया। महासचिव रामलखन मिश्र ने वर्षभर की गतिविधियों और समाज की योजनाओं की जानकारी दी, जबकि कोषाध्यक्ष कैलाश पाठक ने आय-व्यय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उपाध्यक्ष नागेंद्र पांडेय ने ब्रह्म प्रकाश पत्रिका की भूमिका और उसके सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज की एकजुटता, वैचारिक समृद्धि और सामाजिक दायित्वों को और अधिक मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में संजय पांडेय, चंद्रशेखर पांडेय, विष्णु पाठक, उमेश शुक्ला, दीपक मिश्रा, सुनील मिश्र, संजय मिश्रा, नर्मदा प्रसाद मिश्रा, कन्हैयालाल तिवारी, विजय नारायण द्विवेदी, दिनेश त्रिपाठी, रवि मिश्रा, प्रीति दुबे, शशि प्रभा मिश्रा, समीर त्रिपाठी सहित अनेक सदस्यों ने सहभागिता निभाई। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों, महिलाओं और बड़ी संख्या में समाजिकजनों की उपस्थिति रही। मंच संचालन सुनील मिश्र और आभार नागेंद्र पांडेय ने व्यक्त किया।

स्पोर्ट्स लाइव

## गनियारी में जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**भिलाई।** वार्ड 40, ग्राम गनियारी में गनियारी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। इस क्रिकेट लीग में 10 वर्ष के बच्चों से लेकर 60 वर्ष तक के प्रौढ़ खिलाड़ियों को शामिल होते है। इसमें कुल 8 टीम बनाए गए है। टीम में भगत सिंह क्रिकेट इलेवन, कप्तान प्रेमलाल साहू व उप कप्तान टुकेश वर्मा, जय हिंद क्रिकेट इलेवन, कप्तान बसंत ठाकुर,उप कप्तान कामता प्रसाद साहू, शिवाजी क्रिकेट इलेवन कप्तान निर्मल कोसरे,उपकप्तान सालिक राम ठाकुर, डॉ भीमराव अंबेडकर क्रिकेट इलेवन कप्तान राजेश बघेल,उप कप्तान हरीश खरे, वंदे भारत क्रिकेट इलेवन, कप्तान भीखम चंद साहू ,उप कप्तान मिलन ठाकुर,शहीद वीर नारायण क्रिकेट इलेवन कप्तान चिंताराम ठाकुर, उप कप्तान टिकेश्वर खुटेल, स्वामी विवेकानंद क्रिकेट इलेवन कप्तान पुरुषोत्तम पटेल,उपकप्तान हर्ष कुमार ढीमर, चंद्रशेखर आजाद क्रिकेट इलेवन कप्तान गोविंद ठाकुर,उप कप्तान नीलू पाल है। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला भिलाई के प्रवक्ता प्रेमलाल साहू विशेष अतिथियों धर्मेंद्र कोसरे, मंत्री भाजपा भिलाई डॉ. निर्मला भारती, गजानंद गोस्वामी, रामरतन रिगारी, बसंत ठाकुर, राजेश बघेल, पुरुषोत्तम पटेल, संतोष साहू, चंद्र शेखर साहू, गणेश यादव मौजूद थे। भाजपा प्रवक्ता प्रेम लाल साहू ने कहा कि गनियारी की धरती में यह साबित कर दिया कि जब समाज की एकजुट होता है। तो वह नई परंपराओं की शुरुआत करता है। जीपीएल केवल क्रिकेट नहीं बल्कि पीढ़ियों के बीच संवाद और समन्वय का मंच है। कार्यक्रम का संचालन टिकेश्वर ख़ुटेल और आभार प्रदर्शन टुकेश वर्मा ने किया।

- आठ टीमों ने लिया हिस्सा
- 10-60 वर्ष के आयु वाले खिलाड़ी होते है शामिल

साध्वी प्रीति की प्रेरणा से हुई थी स्थापना

## कृष्णा गौशाला की नई कार्यकारिणी घोषित, साध्वी को अर्पित की श्रद्धांजलि



श्री कृष्णा जीव रक्षा केंद्र गौशाला मोहलाई में नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। यह वही पावन गौशाला है, जिसकी स्थापना वर्ष 1996 में दुर्ग में हुए साध्वी प्रीति सुधा के प्रेरणादायी चातुर्मास के दौरान उनकी दिव्य प्रेरणा एवं गौसेवा भावना से हुई थी। नवीन कार्यकारिणी का गठन के बाद कांति लाल पारख अध्यक्ष, राकेश संचेती महामंत्री, संजय लोढ़ा कोषाध्यक्ष बने। शेष पदाधिकारी की घोषणा शीघ्र की जाएगी 1 मई 2026 को पूज्य साध्वी प्रीति सुधा महाराज का स्वर्गवास एवं देवलोक गमन हो गया। उनके देवलोक गमन का समाचार सुनते ही समूचे क्षेत्र में शोक एवं श्रद्धा का वातावरण निर्मित हो गया। साध्वी का सम्पूर्ण जीवन धर्म, साधना, त्याग, तपस्या एवं जीव दया के लिए समर्पित रहा। उनके ओजस्वी प्रवचनों ने हजारों लोगों के जीवन को धर्ममय दिशा प्रदान की। सन 1996 में दुर्ग में आयोजित उनके ऐतिहासिक चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में सभी समाज एवं वर्गों के लोग उनके प्रवचन सुनने पहुंचते थे। साध्वी श्री ने अपने प्रेरणामयी उद्बोधनों में विशेष रूप से गौसेवा, जीव रक्षा, करुणा एवं मानवता का संदेश दिया। उनकी पावन प्रेरणा से ही मोहलाई-छातागढ़ क्षेत्र में श्री कृष्णा जीव रक्षा केंद्र गौशाला की स्थापना का पुण्य कार्य प्रारंभ हुआ, जो आज भी निरंतर गौसेवा एवं जीवदया के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य कर रहा है।

आयोजित बैठक में गौशाला के संचालन एवं सेवा कार्यों को और अधिक सशक्त एवं व्यवस्थित बनाने हेतु नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया।

भिलाई मुस्लिम एजुकेशन एंड वेलफेयर का आयोजन

## शेर ए ख़ुदा मस्जिद में हज यात्रियों की गुलपोशी, की गई दुआएं



**भिलाई।** शेर ए ख़ुदा मस्जिद हाउसिंग बोर्ड भिलाई में जुमे की नमाज़ के बाद हज के मुबारक सफ़र पर रवाना होने वाले खुशनसीब लोगों का भिलाई मुस्लिम एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी और मस्जिद कमेटी की ओर से इस्तकबाल किया गया।

मस्जिद कमेटी के सदर हाजी मोहम्मद ताहिर सिद्दीकी और इमामो खतीब अल्लामा हाफिज व क़ारी ताज़ीम अहमद जामई ने हज पर जा रहे जायरीनों के लिए अपनी नेक तमन्नाओं का इज़हार किया और उनके सफ़र की कामयाबी के लिए दुआ की। मस्जिद में सलातो सलाम के नज़राने के साथ तमाम जायरीनों के लिए सेहत व सलामती और हज के कबूल किए जाने के लिए खास दुआएं की गईं। वहीं हज पर जा रहे जायरीनों ने भी अवाम से अपनी कामयाबी और आसानी के लिए दुआओं की दरख्वास्त की। हज पर जाने वालों में हसन कोया, मोहम्मद इफ़्तेख़ार खान, नसरुद्दीन और रिज़वान अंसारी का फूलों के हार से इस्तकबाल कर उन्हें मुबारकबाद पेश की गई। आयोजन को कामयाब बनाने में संस्था के प्रवक्ता और विख्यात आर्किटेक्ट हाजी एम. एच. सिद्दीकी साहब की खास भागीदारी रही। आयोजन में रशीद खान, हाजी मोहम्मद हदीस, हाजी मुश्ताक अहमद, जाकिर हुसैन, इस्तेख़ार सिद्दीकी, जावेद खान, मेराज खान, नज़ीर, असद, आफ़ताब, ज़ैद, अली, फैजान, फ़िरोज़, अबरार, आमिर, इमरान, सुब्हान, दिलशाद, अहमद रज़ा, अहमद हुसैन, अब्दुल मजीद, हाजी अशफ़ाक़ और हाजी अलीम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## परिवार के नेक निर्णय से दो लोगों को मिलेगी नई रौशनी



**दुर्ग।** नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य यतीन्द्र चावड़ा की बुआ, विजय नगर निवासी हंसा सोलंकी के निधन के उपरांत उनके परिवार ने नेत्रदान कर मानवता के प्रति समर्पण का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। हंसा सोलंकी के निधन के बाद उनके पुत्र हितेश सोलंकी, उमेश सोलंकी, बहू लीना सोलंकी एवं पौत्री वरुणी की सहमति से नेत्रदान की संपूर्ण प्रक्रिया विधिवत संपन्न की गई। परिवार के इस नेक निर्णय से दो व्यक्तियों को नई रोशनी मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस अवसर पर नवदृष्टि फाउंडेशन की टीम विजय नगर स्थित निवास पर उपस्थित रही। टीम के सदस्यों कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, यतीन्द्र चावड़ा ,रितेश जैन, राजेश पारख, सपन जैन एवं प्रभुदयाल उजाला ने नेत्रदान की समस्त व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज की डॉ. अंजलि कश्यप, डॉ. याशिका चन्द्रा एवं नेत्र सहायक विवेक कसार ने कॉर्निया का संग्रहण किया।

अमेरिका, आस्ट्रेलिया व यूके में रह रहे भारतीय मूल के तेलुगु भाषी रहे शामिल

# तेलुगु भाषी युवाओं के राज्य स्तरीय परिचय सम्मेलन में 325 का पंजीयन, गरीब परिवारों के 11 जोड़ों को 51 हजार देने की घोषणा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आंध्र साहित्य समिति के तत्वावधान में रविवार को सेक्टर 5 बालाजी मंदिर के आंध्र भवन में तेलुगु भाषी विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए राज्य स्तरीय परिचय सम्मेलन परिचय वेदिका आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के साथ-साथ आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओड़िशा, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के सवा तीन सौ विवाह योग्य युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया, जिनका व्यक्तिगत विवरण बड़ी स्क्रीन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इनमें अमेरिका, आस्ट्रेलिया तथा यूके में रह रहे भारतीय मूल के तेलुगु भाषी युवक-युवती भी शामिल हैं। परिचय वेदिका की शुरुआत भगवान बालाजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। पहली बार परिचय वेदिका की शुरुआत 2015 में हुई थी। छत्तीसगढ़ में पिछले कई दशकों से रह रहे लोगों की मांग पर आयोजित यह परिचय सम्मेलन सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।



### विभिन्न जाति-वर्ग के आठ ग्रुप बने

जाति एवं वर्ग के आधार पर युवक-युवतियों को आठ ग्रुपों में बांटा गया था। ए ग्रुप में ब्राह्मण, वैष्णव, बी में तेलगा, कापु, सी में बलिजा, वाड़बलिजा, जालारी, डी में अग्निकुल क्षत्रिय, पल्ली, रेड्डी, गोल्ला (यादव), ई में विश्व ब्राह्मण, स्वर्णकार, कम्मा, तेलका, एफ में पद्मसाली, देवांग, पटनायक, जी में वैश्य, गवरा, सोंडी व अन्य तथा एच ग्रुप में जाति बंधन से मुक्त युवक- युवतियों को रखा गया। परिचय सम्मेलन में कोषाध्यक्ष टीवीएन शंकर, उपाध्यक्ष एनएस राव, संयुक्त सचिव के लक्ष्मी नारायण व एस रवि सहित सभी सदस्य शामिल हुए।




### रिश्ते पक्के होने के हैं बेहतर विकल्प

आंध्र साहित्य समिति के अध्यक्ष पीवी राव ने इस मौके पर कहा कि हमारा उद्देश्य विवाह योग्य युवाओं को एक-दूसरे से परिचय कराना था, ताकि रिश्ते पक्के होने के लिए उनके सामने बेहतर विकल्प उपलब्ध हो सकें। सचिव पीएस राव ने कहा कि समाज के उच्च शिक्षित युवा करियर बनाने के लिए दूरदराज क्षेत्रों में चले जाते हैं, हमारा प्रयास है कि युवाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करना, जिससे उन्हें मनपसंद जीवनसाथी चुनने में मदद मिल सके। इस अवसर पर आंध्र समाज के अध्यक्ष जी स्वामी, उपाध्यक्ष श्रीनिवास रेड्डी, महासचिव के आचार्यलु, एक्सक्यूटिव मेंबर बीवीएस राजकुमार, छत्तीसगढ़ तेलुगु महासंघम के प्रदेशाध्यक्ष आर मुरली और राजेश वेगी को शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। वेगी ने अपने माता-पिता की 25 मई को होने वाली 52वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर गरीब परिवारों के 11 जोड़ों को 51-51 हजार रुपये देने की भी घोषणा की।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'वाका वाका' फेम सिंगर शकीरा का जलवा, जमकर थिरके फैंस



'वाका वाका' फेम इंटरनेशनल सिंगर शकीरा के एक फ्री कॉन्सर्ट में फैंस का मेला लग गया। अनुमान है कि लगभग 20 लाख लोग इस शो में शामिल हुए। सोशल मीडिया पर शकीरा के शो का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। लैटिना पॉप सिंगर शकीरा ने शनिवार रात यानी 2 मई को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में कोपाकबाना बीच पर एक फ्री कॉन्सर्ट किया। इस शो में लगभग 20 लाख लोगों जमा हुए। फैंस शकीरा के गानों पर थिरकते नजर आए।

शकीरा का यह फ्री कॉन्सर्ट रियो डी जेनेरियो के सिटी हॉल की एक पहल का हिस्सा है। इस शो के जरिए जून में होने वाले सेंट जॉन्स डे सेलिब्रेशन और न्यू ईयर ईव फेस्टिवल के दौरान आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना ही अहम मकसद है। फ्री शो करके शकीरा इस काम में एक अहम भूमिका निभा रही हैं। बीते दिनों शकीरा ने ब्राजील के टीवी ग्लोबो को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि कोपाकबाना कॉन्सर्ट उनके करियर का सबसे बड़ा कॉन्सर्ट होगा। वह कहती हैं, 'मेरे लिए यह एक सपना है। मैंने हमेशा इस बीच पर गाने का सपना देखा है, क्योंकि मुझे लगता है कि यह एक जादुई जगह है।' शकीरा के फ्री कॉन्सर्ट में आकर फैंस ने भी सिंगर का हौंसला बढ़ाया है।

### टॉलीवुड

## करुप्पु' से जारी हुआ तृषा का लुक सूर्या के साथ आएंगी नजर



अभिनेत्री तृषा कृष्णन अपनी अपकमिंग फिल्म 'करुप्पु' को लेकर चर्चा में हैं। मेकर्स ने फिल्म से उनका लुक जारी किया है। अभिनेत्री त्रिशा कृष्णन थलापति विजय के साथ अपने कथित रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच मेकर्स ने उनकी अपकमिंग फिल्म 'करुप्पु' की एक झलक शेयर की है। इसमें त्रिशा कृष्णन का लुक नजर आया है। इस फिल्म में उनके साथ सूर्या अहम किरदार में हैं।

मेकर्स ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में तृषा कृष्णन नजर आती हैं। वीडियो देखकर अंदाजा लग रहा है कि तृषा इसमें एक वकील की भूमिका निभा रही हैं। इसमें उनका नाम प्रीति है। हाल ही में, मेकर्स ने सूर्या के जन्मदिन के मौके पर फिल्म का टीजर शेयर किया। टीजर में, एक्टर को जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस करते हुए देखा गया।

टीजर में एक्टर को एक ऐसे इंसान के तौर पर दिखाया गया है, जो स्ट्रीट फाइटिंग में माहिर है और कोर्ट में भी केस जीतना जानता है। फिल्म में उन्हें भी एक वकील के तौर पर दिखाया गया है। इस फिल्म को आरजे बालाजी ने लिखा और डायरेक्ट किया है। सूर्या के साथ-साथ, फिल्म में इंद्रन्स, नैटी, स्वासिका, शिवदा, अनघा माया रवि, सुप्रीत रेड्डी और अन्य कलाकार भी हैं। यह फिल्म 14 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। हाल ही में तृषा थलापति विजय के साथ एक शादी में नजर आईं। इसके बाद वह सुर्खियों में आ गईं। इसकी वजह यह थी कि विजय की पत्नी संगीता ने आरोप लगाया था कि विजय का एक एक्ट्रेस से रिश्ता है। उन्होंने अदालत में इसी आधार पर विजय से तलाक की मांग की है।

### भोजपुरी

## अक्षरा को दोबारा हुआ प्यार, बताया शादी करेंगी या नहीं



भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने हाल ही में बता दिया है कि वो फिर से प्यार में हैं और रिश्ता अभी नया-नया है। एक्ट्रेस ने शादी को लेकर भी बात की है कि वो शादी करेंगी या नहीं।

भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह , जिनका सुपरस्टार पवन सिंह के साथ उतार-चढ़ाव भरा रिश्ता रहा था, अक्सर उस दौर के अपने जीवन और करियर पर पड़े प्रभाव के बारे में खुलकर बात करती रही हैं। उन्होंने पवन सिंह पर अपने झगड़े के दौरान धमकियां देने का भी आरोप लगाया। अब हाल ही में हुई बातचीत में अक्षरा ने स्पष्ट कर दिया है कि वह आगे बढ़ना चाहती हैं और अब उनका नाम पवन सिंह से नहीं जोड़ना चाहतीं। साथ ही, उन्होंने इस बात पर भी ठप्पा लगा दिया कि वो किसी के प्यार में हैं।

भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह की जिंदगी में दोबारा प्यार लौट आया है। एक्ट्रेस ने खुद ये बात मान ली है और इस जानकारी पर ठप्पा लगाया है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि, हुआ है प्यार। मैं प्यार में हूं। जो पुराना था, वह भूतकाल में चला गया है। अब मैं अपने भविष्य की चिंता करूंगी। अगर भूतकाल में अटकी रहूंगी तो भूत ही बन जाऊंगी। अभी मैं प्यार के 'प' पर पहुंची हूं। अभी और प्रोसेस बाकी है। मैंने प्यार के खत का पहला अक्षर लिख दिया है।'

शादी को लेकर उन्होंने कहा, बिना प्यार के कोई जिंदा रह सकता है क्या। मैं अभी नहीं बता सकती, क्योंकि मुझे नजर बहुत तेज लगती है, अगर नजर लग गई तो। अभी सब नया-नया वाला है। इसलिए मैं सभी चीजों को फिगर आउट कर रही हूं।' शादी का तो पता नहीं, क्योंकि पहले इंसान को देखना, जानना चाहिए, माइंडसेट मिलेगा या नहीं, तमाम नेगेटिव चीजों को डील कर पाएगा या नहीं। तो बहुत सारी चीजें हैं, वो जब समझ आ जाएंगी, तब देखा जाएगा शादी का। अक्षरा और पवन सिंह के बीच का रिश्ता लंबे समय से सार्वजनिक चर्चा का विषय रहा है।




आराम को स्टाइल के साथ मिलाते हुए इटैलियन फ़ैशन के ताज़ा ट्रेंड्स को युवा अपना रहे हैं। दुनिया की सबसे मनमोहक जगहों में से एक इटली में अपने पल यादगार बनाने यहां के फैशन को अपनाने से बेहतर कुछ भी नहीं। बेहतरीन इटैलियन स्प्रिंग वॉर्डरोब यह तय करेगा कि आप अपनी शानदार यात्रा के हर पल के लिए तैयार रहें।

## बालों की खूबसूरती बढ़ाने घर पर करें हेयर स्पा

बालों को खूबसूरती बढ़ाने के लिए हेयर-स्पा का सहारा ले सकती हैं। हेयर स्पा करने से जहां बालों को पोषण मिलेगा साथ ही, बाल की खूबसूरती भी बढ़ेगी। वहीं घर पर हेयर-स्पा कैसे करें इसके लिए कुछ टिप्स बता रहे हैं। हर महिला चाहती हैं कि उसके बालों की खूबसूरती बनी रहे और बालों से जुड़ी समस्या उसके जीवन में कभी न आए। बालों को खूबसूरती बने रहे इसके लिए इनकी सही तरह से केयर करना साथ ही, इन्हें पोषण देना भी जरुरी है बालों को पोषण देने हेयर स्पा का सहारा ले सकती हैं। लेकिन, पार्लर में जाकर हेयर स्पा करवाने से काफी खर्चा होता है। वहीं अगर आप इस खर्च को बचाना चाहती हैं तो घर पर ही हेयर स्पा कर सकती हैं। घर पर हेयर स्पा कैसे करें इसके हम आपको कुछ टिप्स बता रहे हैं जिन्हें फॉलो करके आप आसानी से घर पर ही हेयर स्पा कर सकती हैं।

### तेल से करें बालों की मसाज

हेयर स्पा करने के लिए आप तेल से बालों की मसाज करें और इसके लिए आप नारियल तेल, बादाम तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। सबसे थोडा-सा तेल लें और बालों पर अप्लाई करते हुए मसाज करें। तेल से बालों पर आप कम से कम 15-20 मिनट तक मसाज करें।

### बालों को दें स्टीम

बालों से जुड़ी समस्या कम हो साथ ही, इनकी चमक बनी रहे। इसके लिए आप बालों को स्टीम दें। बालों को स्टीम देने के लिए आप तौलिया गर्म पानी में डुबोकर निचोड़ लें और इसके बालों पर लपेट लें और 10-



15 मिनट बाद इसे हटा लें।

### हेयर मास्क करें अप्लाई

बालों को पोषण देने के लिए आप हेयर मास्क अप्लाई करें। हेयर मास्क आप नेचुरल चीजों क मदद से बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं और इसके लिए आप एक्सपर्ट की मदद ले सकती हैं।

### बालों को करें वॉश

आखिर में आप शैम्पू की मदद से बालों को धो लें साथ ही, कंडीशनर का भी इस्तेमाल भी करें और बालों के सूख जाने के बाद आखिर हेयर सीरम लगा लें।

## इस मौसम में स्टाइल करें खास तरह की ये लूज टी-शर्ट, रहेंगी कम्फर्टेबल



गर्मियों में कम्फर्टेबल कपड़े पहनना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए हम हर तरह के कपड़ों को थोड़ा लूज पहनना पसंद करते हैं। ऐसे में आप भी अपने लिए लूज टी शर्ट को खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की टी शर्ट को पहनकर आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, इससे आपका लुक भी अच्छा नजर आएगा। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के डिजाइन वाली लूज टी शर्ट को वियर कर सकती हैं।




### कार्टून प्रिंट वाली टी शर्ट

आप स्टाइल करने के लिए कार्टून प्रिंट डिजाइन वाली टी शर्ट को खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की टी शर्ट पहनने के बाद अच्छी लगेगी। इसमें आपको काफी अच्छे डिजाइन मिल जाएंगे। इस तरह की टी शर्ट में आपको फ्रंट प्रिंट वाला डिजाइन मिलेगा। इसे अलावा आप चाहें तो इसमें छोटे प्रिंट वाली टी शर्ट भी ले सकती हैं। इससे भी आपका लुक अच्छा लगेगा।



### प्रिंट वाली लूज टी शर्ट

आप इस फोटो में नजर आने वाली लूज टी शर्ट को स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लुक भी कम्फर्टेबल रहेगा। साथ ही, इस टी शर्ट को आप किसी भी चीज के साथ मैच करके वियर कर पाएंगी। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह की टी शर्ट आपको 200 से 400 रुपये में मिल जाएगी।

### फ्रूटी प्रिंट वाली टी शर्ट

आप सुंदर नजर आएंगी जब आप फ्रूटी प्रिंट वाली टी शर्ट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की टी शर्ट पहनने के बाद अच्छी लगेगी। इसमें आपको फ्रंट पर आपको फ्रूट प्रिंट मिलेगा। इससे आपका लुक कम्फर्टेबल नजर आएंगी। मार्केट में इस तरह की टी शर्ट 200 से 400 रुये में मिल जाएगी।

## डेली वियर के लिए बेस्ट हैं फ्लावर शेप पेंडेंट, लड़कियां जरूर करें ट्राई

अपने लुक को भीड़ से अलग और अट्रैक्टिव बनाने के लिए अगर आप भी खूबसूरत ऑउटफिट के साथ हर एक चीज का बड़ा ध्यान रखती हैं, तो ये खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे खूबसूरत और लेटेस्ट ट्रेंडिंग पेंडेंट डिजाइन बताएंगे, जिन्हें आप डेली वियर में पहनकर अपने लुक को डिफरेंट बना सकती हैं। आइए जानते हैं इन पेंडंट डिजाइन के बारे में।

### लेटेस्ट ट्रेंडिंग पेंडेंट डिजाइन

अगर आपको भी बाकि लड़कियों की तरह एक्सेसरीज पहनने का बहुत शोक है और आप भी अपने लुक को गॉर्जियस बनाने के लिए कई प्रयास करती हैं, तो अब आप इस खूबसूरत स्टाररी नाइट्स एमराल्ड पेंडेंट को ट्राई कर अपने लुक को एलिगेंट टच दे सकती हैं। इस तरह के पेन्डेन्ट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह आसानी से मिल सकते हैं।

### खूबसूरत एमराल्ड फ्लावर पेंडेंट

यही नहीं अगर आप ऑफिस, कॉलेज या अपने



दोस्तों के साथ बहार जाने का प्लान कर रही हैं और आप अपने लुक से अपने सभी दोस्तों को खुश करना चाहती हैं, तो अब आप न सिर्फ अपने आउटफिट बल्कि कुछ एक्सेसरीज ट्राई कर आप अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं। आप अपने ऑउटफिट के साथ इस खूबसूरत एमराल्ड फ्लावर पेंडेंट को शामिल कर सकती हैं।

### ऑर्नेट पर्ल पेंडेंट

आप इस खूबसूरत पेन्डेन्ट को भी ऑनलाइन या ऑफलाइन खरीद कर इसे डेली वियर में पहन सकती हैंइस पेंडेंट को पहनकर आप रोजाना अपने ऑफिस या कॉलेज में अपनी खूबसूरती से सभी को खुश कर सकती है।

## चेहरे को बनाएं साफ और ग्लोइंग, इस्तेमाल करें बेसन और टमाटर

जब भी हमारे चेहरे पर डलनेस नजर आती है, तो ऐसे में हम बेसन का इस्तेमाल करते हैं। बेसन को लगाने से चेहरे पर मौजूद टैनिंग भी कम हो जाती है। लेकिन इसे हम हमेशा दही या हल्दी के साथ इस्तेमाल करते हैं। इसे आप टमाटर के साथ इस्तेमाल करें। इससे आपकी स्किन साफ के साथ ग्लोइंग नजर आएगी। चलिए आपको बताते हैं कैसे आप इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही, इसके क्या फायदे होते हैं।

### टमाटर और बेसन फेस पैक के फायदे

बेसन और टमाटर को चेहरे पर लगाने से त्वचा साफ हो जाती है। इन दोनों चीजों को साफ में लगाने से आपके चेहरे पर एक्ने और पिंपल्स की समस्या कम होती है। ऑयली स्किन के लिए ये दोनों चीजें अच्छी होती हैं। सन टैन और डेड स्किन के लिए भी आप इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

टमाटर और बेसन के फेस पैक का कैसे करें इस्तेमाल आप इसके लिए एक कटोरी में टमाटर को घीसकर इसका पल्प निकाल लें। इसमें 2 चम्मच बेसन को मिक्स करें। इसके बाद इसमें हल्का सा शहद मिक्स



करके इसे मिलाएं। इस पेस्ट को आप ब्रश की मदद से लगाएं। फिर इसे 10 से 15 मिनट के लिए सूखने दें। इसके बाद पानी से चेहरे को साफ करें। इससे आपकी त्वचा साफ हो जाएगी।

### इन बातों का रखें ध्यान

आप अपने चेहरे पर इसे लगाने से पहले एक्सपर्ट राय जरूर लें। अगर आपकी सेंसेटिव स्किन है, तो इसके लिए आप पैच टेस्ट जरूर करें। चेहरे पर किसी तरह की अन्य समस्याएं हैं, तो ऐसे में आप बेसन के साथ किसी भी नई चीज को न लगाएं। टमाटर का इस्तेमाल आप टैंनिग को कम करने के लिए बेसन के साथ लगाएं।

कार्नर न्यूज

### साल 2026 में पुरुषों के कई फैशन प्रोडक्ट हैं ट्रेंड में

## पुरुषों के लिए बेस्ट मेकअप ट्रेंड और प्रोडक्ट की मची है धूम, इस्तेमाल करने से पहले जान लीजिए सबकुछ

मेकअप पर सिर्फ महिलाओं का एकाधिकार खत्म हो चुका है। अब मेकअप वाला ट्रेंड पुरुषों की लाइफस्टाइल में भी एंट्री कर चुका है। ये एंट्री कुछ ऐसी हुई है कि बड़े शहरों के ज्यादातर पुरुष अब मेकअप ट्रेंड फॉलो करते हैं।

तब ही तो अब महिलाओं के साथ पुरुषों के मेकअप ट्रेंड भी खूब वायरल होते हैं। इस साल के लिए पुरुषों का मेकअप ट्रेंड आ चुका है। 2026 में पुरुषों का मेकअप ट्रेंड ऐसा है जो उनके लुक को सच में बेहतर बनाएगा।

पुरुषों के लिए इन मेकअप ट्रेंड को आप भी जानिए ताकि आपको भी अपने लुक पर मिलें फुल मार्क्स, चलिए पुरुषों के लिए 2026 ट्रेंड और प्रोडक्ट से रूबरू होते हैं-

साल 2026 में पुरुषों के फैशन में आरामदायक टेलरिंग,सीधे पैर वाली जींस और पुरानी शैली की लेदर जैकेट का बोलबाला है। फैशन में आराम सर्वोपरि है, जिसमें ढीले ट्राउजर, सादे/हल्के प्रिंट वाले कुर्ते, और स्वेटशर्ट शामिल हैं। आधुनिक पुरुष अब एक सलीकेदार और परिष्कृत लुक अपना रहे हैं।



### 2026 के प्रमुख फैशन ट्रेंड्स

आरामदायक टेलरिंग सलीकेदार लेकिन ढीले सूट, जो आरामदायक होते हैं और जिन पर स्नीकर्स पहने जा सकते हैं। स्ट्रेट-लेग जीन्स-संकरी जींस के बजाय, 2026 में सीधे पैर वाली जींस या थोड़ा ढीला डेनिम चलन में है। लेदर जैकेट एक ₹लिव्ड-इन₹ या विंटेज स्टाइल लेदर जैकेट हर पुरुष के वॉर्डरोब का हिस्सा बन रही है।

हीट-रेसिस्टेंट फैब्रिक लिनेन, कॉटन पॉपलिन और सीरसुकर जैसे हल्के और सांस लेने वाले कपड़े लोकप्रिय हैं।

एक्सेसरीज में छोटी और नाजुक घड़ियां, चेन, साधारण अंगूठियां, और टोपियां/बीनी स्टाइल को निखारने के लिए इस्तेमाल की जा रही हैं।

रंग और पैटर्न में न्यूट्रल टोन (भूरे रंग के विभिन्न शेड्स) के साथ-साथ पारंपरिक रंगों को आधुनिक तरीके से अपनाया जा रहा है।

### अन्य प्रमुख रुझानः

परिष्कृत स्टाइल में 2026 के रुझानों में के अनुसार, बहुत ज्यादा ढीले कपड़ों की जगह अब अधिक संरचना और परिभाषा वाले कपड़े ले रहे हैं। बहुमुखी पोशाक में ऐसे परिधान जो काम और सामाजिक दोनों कार्यक्रमों में पहने जा सकें, जैसे पोलो शर्ट और क्लासिक शर्ट। हेयर स्टाइल में 2026 में टेक्सचर्ड क्रॉप्स, फेड्स और लंबी परतों वाले हेयर स्टाइल लोकप्रिय हो रहे हैं।

### आइब्रो की ग्रूमिंग

मेकअप के ढेरों ट्रेंड आने के बाद भी आइब्रो के मेकअप पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है। बाकी



चेहरे पर भले ही महंगे प्रोडक्ट लगा लिए जाएं लेकिन आईब्रो ऐसी ही रह जाती है। ऐसा महिलाओं के साथ भी होता है। फिर जब बात पुरुषों की हो तब तो इसे भूल ही जाइए।

लेकिन 2026 का ट्रेंड ये कहता है कि पुरुषों को मेकअप करते हुए अपनी आइब्रो के मेकअप पर भी ध्यान देना होगा। वो ब्रो पेंसिल से खाली जगहों को भर सकते हैं तो आइब्रो को शेप भी दे सकते हैं।